दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 09 अंक : 242 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 12 अप्रैल, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt



# राजस्थान को बनाएंगे कृषक-कल्याणकारी राज्य : भजनलाल

## फूले का जीवन सामाजिक समरसता को समर्पित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महान शिक्षाविद् समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने नारी शिक्षा, किसानों के अधिकार और सामाजिक न्याय के लिए अलख जगाई। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले जी के दिखाए रास्ते पर चलते हुए राज्य सरकार राजस्थान को कृषक- कल्याणकारी राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्पित है।

### महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया नमन

इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती के अवसर पर सहकार मार्ग स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पहुंचे। यहां उन्होंने महात्मा फुले की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक गोपाल शर्मा भी उपस्थित रहे। शर्मा ने शुक्रवार को मुहाना मंडी परिसर में ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती पर आयोजित समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक जयंती समारोह नहीं बल्कि उनकी ओर से दिखाए गए मार्ग पर चलने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ज्योतिबा फुले जी ने भारतीय समाज को एक नई दिशा दी, अंधेरे में प्रकाश का दीप जलाया और उत्पीड़ित वर्गों को सम्मान व समानता का अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी सोच केवल एक समय की नहीं थी, बल्कि वह विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।




### ज्योतिबा फुले ने शिक्षा के क्षेत्र में जगाई अलख



मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा से ही अज्ञानता के अंधेरे को मिटाया जा सकता है और समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। ज्योतिबा ने शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाते हुए अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले जी के साथ मिलकर पुणे में लड़कियों के लिए पहला स्कूल शुरू किया। सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका के रूप में इतिहास में दर्ज हुईं। शर्मा ने कहा कि उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना कर समाज में फैली जातिगत असमानता को दूर करने, सत्य की खोज और मानवता की सेवा का संदेश दिया।

### किसानों को तकनीकी रूप से बना रहे सशक्त

शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल मंडियों तक सीमित नहीं है, बल्कि हम किसानों को तकनीकी रूप से भी सशक्त बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की क्षमता वृद्धि और ज्ञानवर्धन के लिए नॉलेज प्रोग्राम के तहत प्रथम चरण में 100 प्रगतिशील युवा किसानों को इजरायल सहित अन्य देशों में और 5 हजार युवाओं को भारत के विभिन्न राज्यों में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 एग्रो क्लाइमेटिक जोन में 2-2 क्लस्टर विकसित करना, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की संख्या को बढ़ाकर 18 करने जैसे कार्यों से राज्य सरकार किसानों को कौशल प्रशिक्षण देकर तकनीकी रूप से उन्नत कर रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आमजन से आत्मीयता से संवाद किया। समारोह में सांसद डॉ. मंजू शर्मा, विधायक कैलाश वर्मा, उप महापौर पुनीत कर्णावट, पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्योतिबा फुले के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राज्य सरकार ने फल-सब्जी व्यापारियों और बागवानी करने वाले किसानों के उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं जिनका लाभ आने वाले वर्षों तक प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में नई कृषि मंडियों की स्थापना से किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने और स्थानीय स्तर पर विपणन की सुविधा देने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही, जयपुर के जमवारामगढ़ में फूल मंडी, जहाजपुर और शाहपुरा नगर पालिका में फल व सब्जी मंडी सहित राज्यभर में विभिन्न मंडियों का निर्माण, प्याज भंडारण संरचना निर्माण के लिए 2,500 किसानों को 22 करोड़ रुपये की सब्सिडी, 3 हजार प्याज भंडारगृहों के निर्माण के लिए 26 करोड़ रुपये का अनुदान सहित विभिन्न कार्य राज्य सरकार की ओर से कराए जा रहे हैं।

### *गरीब, युवा, महिला और किसान का उत्थान हमारी प्राथमिकता*

*शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को आधार मानकर चार जातियां- गरीब, युवा, महिला और किसानों का उत्थान सुनिश्चित कर रही है। राज्य सरकार ने इसी बजट में 5 हजार गांवों को बीपीएल मुक्त करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में पारदर्शिता और पेपरलीक के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई से युवाओं को राहत दी गई है। हम किसानों को पानी, ऋण वितरण और उन्नत तकनीकों के माध्यम से सशक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने जो भी वादे किए हैं हम उनको पूरा करेंगे।*

## न्यूज़ इनबॉक्स

### सीएम ने दी एकादश कुंडात्मक सात दिवसीय हनुमत महायज्ञ में आहुति



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शुक्रवार को न्यू सांगानेर रोड स्थित श्री चिंताहरण काले हनुमानजी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने एकादश कुंडात्मक सात दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ में शामिल होकर आहुति दी और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शर्मा ने कहा कि हमारा देश हमेशा से ऋषि- मुनियों का ऋणी रहा है। ऋषि-मुनियों ने हमारी संस्कृति और परम्परा की रक्षा का काम किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी आने वाली पीढ़ी को भी सांस्कृतिक कार्यों को करने की प्रेरणा मिलती है और परम्पराएं समृद्ध होती हैं। इस दौरान महामण्डलेश्वर मनोहर दास महाराज, त्रिवेणी धाम के राम रिछपाल दास महाराज सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

### अमेरिका को चीन का मुंहतोड़ जवाब, अमेरिकी सामानों पर 125 फीसदी बढ़ाया टैरिफ

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अमेरिका की ओर से चीन की वस्तुओं पर 145% टैरिफ लगाने पर अब चीन ने पलटवार किया है। चीन ने शुक्रवार को अमेरिका से आयात पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि चीन ने आयातित अमेरिकी उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। चीन ने इससे पहले अमेरिकी उत्पादों पर 84 प्रतिशत टैरिफ का एलान किया था। वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने के बाद चीन ने विश्व व्यापार संगठन में मुकदमा भी दायर किया है। उधर, नए अमेरिकी अधिसूचना के अनुसार चीन पर कुल व्यापार शुल्क 145 प्रतिशत है। इससे पहले चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 84 प्रतिशत शुल्क लगा दिया था और कुछ अमेरिकी फिल्मों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था और इस मुद्दे को सुलझाने के लिए वाशिंगटन के साथ बातचीत करने में अपनी रुचि व्यक्त की थी।

नड्डा ने किया शुभारम्भ, महिलाओं को मिलेगा 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा

## ओडिशा में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लागू

जयपुर टाइम्स

**भुवनेश्वर(एजेंसी)।** ओडिशा में शुक्रवार से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लागू हो गई है। कटक के बालीयात्रा मैदान में इसके लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विधिवत इस योजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय जनजाति व्यापार मंत्री जुएल ओराम, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, उपमुख्यमंत्री मंत्री केवि.सिंहदेव, प्रभाति परिड़ा, राज्य स्वास्थ्य मंत्री



मुकेश महालिंग ने उपस्थित रहकर इस योजना के हित का वर्णन किया। साथ ही अब तक इस योजना से वंचित करने के लिए पिछली नवीन पटनायक सरकार की आलोचना की। प्रदेश में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की ओर से गोपबंधु जन आरोग्य योजना व आयुष्मान बायो वंदन योजना का भी लोकार्पण किया गया। इन तीन योजना से राज्य के तीन करोड़ 50 लाख लोग लाभान्वित होंगे। इसके साथ कटक स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ पीडियाट्रिक के नए भवन का भी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने भुवनेश्वर स्थित सिपेट व एम्स मेडिकल कॉलेज का दौरा किए। इसके अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और ओडिशा सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के बीच करारनामा पर हस्ताक्षर किया गया है। शनिवार को पुरी में विधायक व सांसदों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा उद्घाटन करेंगे।

## राजे के तीखे तेवर पर सरकार सख्त: जलदाय विभाग का सुप्रीटेंडेट इंजीनियर एपीओ

**जयपुर(कासं.)।** पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया के तीखे तेवरों की गाज अब जलदाय विभाग के सुप्रीटेंडेट इंजीनियर पर गिरी है। सरकार ने उसे एपीओ कर दिया है। झालावाड़ जिले में पानी संकट को लेकर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की नाराजगी के बाद सरकार में एक्शन शुरू हो गया है। जलदाय विभाग ने झालावाड़ के सुप्रींटेंडेंट इंजीनियर दीपक कुमार झा को पद से हटाकर एपीओ कर दिया है। एपीओ अवधि में दीपक कुमार झा को जलदाय विभाग के चीफ इंजीनियर और अतिरिक्त सचिव के दफ्तर में हाजिरी देने के आदेश दिए हैं। इस मामले



में लापरवाही बरतने वाले कुछ अन्य अफसरों के खिलाफ भी एक्शन की तैयारी है। जलदाय विभाग के आदेशों के मुताबिक झालावाड़ जिले के जल जीवन मिशन के कामों की प्रगति संतोषजनक नहीं होने, अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचने, जल जीवन मिशन के कामों की सही तरीके से मॉनिटरिंग नहीं करने और समय पर निविदाएं आमंत्रित नहीं करने से आए पानी संकट की शिकायतों को देखते हुए सुप्रींटेंडेंट इंजीनियर को एपीओ किया है। पिछले दिनों झालावाड़ जिले में पानी संकट पर नाराजगी जताते हुए वसुंधरा राजे ने अफसरों को फटकार लगाते हुए नाराजगी जताई थी। इसके बाद वसुंधरा राजे ने सोशल मीडिया पर दो पोस्ट करके अफसरों पर सवाल उठाए थे।

# पीएम मोदी ने दी काशी को 39 करोड़ रुपए की सौगात

जयपुर टाइम्स

**वाराणसी(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को काशी पहुंचे। यहां बाबतपुर एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से मेंहदीगंज स्थित जनसभा स्थल पहुंचे। पीएम ने 39 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने तीन बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। इसके अलावा 21 उत्पादों को जीआई टैग दिया गया। पीएम ने इस दौरान जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी हुनर अब तेजी से विश्व स्तर पर पहचान बन रही है। यूपी जीआई टैग में देश में नंबर वन पर है। जीआई टैग पहचान का नया पासपोर्ट है। यह बताता है यह उत्पाद इस जमीन की पैदाइश है। यूपी की मिट्टी में जो खुशबू है वह केवल हवा में नहीं सरहदों के पार भी जाएगी। कहा कि यूपी अब संभावनाओं का नहीं सामर्थ और सिद्धियों की भूमि बन रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने बाबतपुर एयरपोर्ट पर मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और डीएम एस राजलिंग से मुलाकात की। पीएम ने सामूहिक दुष्कर्म मामले की जानकारी लेते हुए



मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। पीएम ने कहा कि हम देश की सेवा का मंत्र लेकर आए हैं। जो लोग सत्ता पाने के लिए दिन रात खेल खेलते रहते हैं उनका सिद्धांत है परिवार का साथ परिवार का विकास। हमारा मंत्र सबका साथ सबका विकास है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। दस साल में उत्पादन में 65 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने लखपति दीदी योजना को लेकर कहा कि हमारी मेहनतकश बहनों को विशेष बधाई देता हूं। इन बहनों ने बता दिया है, अगर भरोसा किया जाए तो वह भरोसा नया इतिहास रच देता है। पूरे पूर्वांचल के लिए नई मिसाल बन चुकी हैं। पीएम ने कहा कि जब आपने तीसरी बार आशीर्वाद दिया, तब हमने भी आपको सेवक के रूप में स्नेह स्वरूप अपने कर्तव्यों को निभाया है। लौटाने का प्रयास किया है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स
जयपुर, शनिवार
12 अप्रैल, 2025

## महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर वन राज्यमंत्री शर्मा ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि महात्मा फुले जी ने वंचितों, शोषितों एवं महिलाओं के सशक्तीकरण व उन्नयन हेतु अपना जीवन समर्पित किया। उनका जीवन दर्शन आज भी समाज को जागरूक करने और आगे बढने की प्रेरणा देता है। उनके अमूल्य विचार एवं समाज सुधार के कार्य हमें समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि फुले जी की विचारधारा को आत्मसात कर हम एक समावेशी और न्यायसंगत समाज की स्थापना कर सकते हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, महेश निहलवानी, दीपक, राजेंद्र सैनी, सीताराम चौधरी, सागर यादव, जगदीश अटल, ऋषिराज शर्मा सहित गणमान्य नागरिक एवं आमजन मौजूद रहे।

## डंडे वाले हनुमान मंदिर पर होगी शाम को बाबा की महाआरती

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में हजूरीगेट स्थित श्री श्री 1008 डण्डे वाले हनुमान जी महाराज का पांच दिवसीय जन्मोत्सव के तहत शनिवार को हनुमान जी का जन्मदिन बडे ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के महंत पंडित कुणाल शर्मा ने बताया कि हजूरीगेट स्थित श्री श्री 1008 डण्डे वाले हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव 8 अप्रेल से शुरु हुआ, जहां प्रथम दिन 8 अप्रेल मंगलवार को मंदिर में प्रात दस बजे



श्रीरामचरित मानस के पाठ शुरु हुए, जिनका समापन शनिवार को होगा। वहीं शनिवार को प्रात दस बजे हवन-यज्ञ होगा ओर दोपहर सवा बजे महिला मंडल की ओर से भजन-संकीर्तन किया जाएगा। इसके बाद शाम सवा 7 बजे महाआरती की जाएगी ओर प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस मौके पर रात सवा 8 बजे भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें अलवर के यातीनाम कलाकार डंडे वाले हनुमानजी महाराज का गुणगान करेंगे।

## नेशनल यूथ बॉक्सिंग में अमरिंदर सिंह का चयन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला मुक्केबाजी संघ के सचिव देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि 10 अप्रैल को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में हुए ट्रायल में अलवर के अमरिंदर सिंह ने 80 से 85 किलोग्राम वजन वर्ग में अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। अध्यक्ष दिनेश भार्गव ने बताया कि विजय मुक्केबाज 21 से 27 अप्रैल तक ग्रेटर नोएडा में होने वाली राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भाग लेगा।



अमरिंदर ने अपनी सफलता का श्रेय कोच सुनील सैनी, माता-पिता और गुरुजनों को दिया। उनकी उपलब्धि पर समस्त अलवर जिला मुक्केबाजी संघ और खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी।

## हनुमानगढ़ी बालाजी धाम में जागरण आज, मेला भरेगा



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती गांव गाजसर स्थित हनुमानगढ़ी बालाजी धाम में स्वर्ण जयंती महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत शुक्रवार दोपहर मंदिर परिसर में विधिवत् पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वर्ण जयंती महोत्सव के तहत शुक्रवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया था। भावसिंहका परिवार की ओर से हो रहे कार्यक्रम के तहत शनिवार को भव्य मेला भरेगा और बालाजी महाराज का रुद्राभिषेक किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत भव्य रात्री जागरण का आयोजन किया जायेगा। इसमें नृत्य नाटिका सभी के आकर्षण का केन्द्र होगी।

## जिला कांग्रेस ने भी महात्मा ज्योतिबा फुले को जन्मदिन पर किया याद

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को दलित और महिलाओं के उत्थान को सदैव समर्पित रहने वाले समाज सेवक दर्शनिक एवं सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में ज्योतिबा फुले चौराहे स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि समाज में फैली महिला विरोधी कुरीतियों, उनके शोषण के खिलाफ आवाज उठाने वाले 19वीं सदी के महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले के प्रयासों को हमेशा महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व योगदान की तरह याद किया जाता है। ज्योतिबा फुले एक समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक और क्रांतिकारी कार्यकर्ता हैं। ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने, बाल विवाह को रोकने, विधवा विवाह का समर्थन करने में लगा दिया। वर्ष 1888 में विट्ठलराव कृष्णजी वंदेकर ने उन्हें 'महात्मा' की उपाधि दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, कमलेश सैनी, रिपुदमन गुप्ता, शहर अध्यक्ष जे डी आर्यन, रमन सैनी, अनवर साजिद, दीपेंद्र सैनी, दशरथ सिंह शेखावत के के खंडेलवाल, सूरजमल कर्दम, के सी मीणा, नरेश सैनी, विकास बबेरवाल, प्रेम सिंह मीणा, अंशुल सैनी, डालचंद आर्य मौजूद थे।

## संसदीय क्षेत्र अलवर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित होगा 'सांसद संपर्क संवाद यात्रा' कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव द्वारा 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक संसदीय क्षेत्र अलवर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 'सांसद संपर्क संवाद यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय मंत्री द्वारा बजट घोषणाओं, मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना तथा अन्य मुद्दों के संबंध में आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करेंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रमनुसार 12 अप्रैल को अलवर ग्रामीण विधानसभा के कलस्टर में सम्मिलित ग्राम पंचायत पृथ्वीपुरा व सारंगपुरा, परसा का बास के लिए ग्राम पंचायत पृथ्वीपुरा में प्रातः 11:45 बजे से एवं कलस्टर में सम्मिलित ग्राम पंचायत दादर, महुआ खुर्द, बंदीपुरा व मोहब्बतपुर के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम पंचायत मोहब्बतपुर में दोपहर 2: 05 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार रामगढ विधानसभा के कलस्टर में स मलित ग्राम पंचायत जातपुर, बा बोली, खूटेटा कलां व नांगल टप्पा के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम पंचायत बा बोली में दोपहर 4:15 बजे से एवं कलस्टर में सम्मिलित ग्राम पंचायत बूंटोली, दीनार व गंडूरा के लिए ग्राम पंचायत बूंटोली में पानी की टंकी के पास सांय 6:15 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। 13 अप्रैल को किशनगढबास विधानसभा के कलस्टर में सम्मिलित ग्राम पंचायत दोंगडा, मूसा खेडा, चोरबसई, बाघोडा व बृसंगपुर के लिए ग्राम पंचायत दोंगडा में प्रातः 9 बजे से एवं कलस्टर में सम्मिलित ग्राम पंचायत तिगांवा, नांगल सालिया, बघेरीखुर्द व झडका के लिए ग्राम पंचायत नांगल सालिया के बाबा कुंदनदास मंदिर पर प्रातः 11:10 बजे से तिजारा विधानसभा के कलस्टर में सम्मिलित ग्राम पंचायत बिछाला, ईशरोदा, लुहादेरा व मुण्डाना के लिए ग्राम पंचायत ईशरोदा के सामुदायिक भवन में दोपहर 1:20 बजे से एवं कलस्टर में सम्मिलित ग्राम पंचायत मसीत, कमालपुर, मीठियावास व नाखनौल के लिए ग्राम पंचायत कमालपुर के पुराना शिव मंदिर के पास दोपहर 3:30 बजे से तथा 14 अप्रैल को मुण्डावर विधानसभा के कलस्टर में सम्मिलित ग्राम पंचायत जोनायचा खुर्द, गुगलकोटा, शाहजहांपुर, फौलादपुर व कोलिला जोगा के लिए ग्राम पंचायत जोनायचा खुर्द की गांव चौपाल पर दोपहर 2:30 बजे से एवं कलस्टर में सम्मिलित ग्राम पंचायत बावद, मानका, पलावा व हुलमानाकलन के लिए मानका के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांय 4:30 बजे से सांसद संपर्क संवाद यात्रा कार्यक्रम आयोजित होगा।

## फूले जयंती की पूर्व संध्या पर की भव्य आतिशबाजी

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली (निसं.)**महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले की 198 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर गुरूवार शाम कस्बे के मुख्य चौराहा स्थित फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भव्य आतिशबाजी की गई। इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान (रजि.) व सैनी सभा संस्था (रजि.) के संयुक्त तत्वाधान में भव्य आतिशबाजी हुई। जिसे देखने के लिये लोगों का हुजुम उमड़ पड़ा। इस मौके पर महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद हनुमान प्रसाद सैनी, बिड़दीचंद हवलदार, रमेश भगतजी, जन प्रमुख रामौतार सैनी, जगदीश खेमजी, राकेश सैनी, कन्हैया लाल सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, रणजीत सैनी, विजय, राजकुमार, लीलाराम, नत्थुराम अमीन, पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी, फूलचंद नेताजी, दाताराम सैनी समेत सैनी समाज के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित एक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली (निसं.)**स्थानीय थाना पुलिस ने आईजी जयपुर रेंज के द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत कार्यवाही करते हुये अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि पुलिस टीम अवैध गतिविधियों की जाँच करते हुये गुरूवार 10 अप्रैल की रात्रि को गश्त के दौरान सब्जी मण्डी के पीछे कॉलोनी में जाने वाले रास्ते में खाली प्लॉटों की ओर पहुँची तो वहां से एक व्यक्ति कृष्ण कुमार (50) पुत्र शेरसिंह कंजर निवासी ग्राम कुजोता को 243 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार कर गांजे को जप्त करते हुये एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। प्रकरण में पुलिस द्वारा अभियुक्त से

## धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनेगा श्री हनुमान जन्मोत्सव का पर्व

### विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना, यज्ञ-हवन, सुंदरकाण्ड पाठ व विशाल भण्डारों का होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस मौके पर विभिन्न मंदिरों में श्री हनुमान जी महाराज की विशेष पूजा अर्चना आयोजित होगी। कस्बा स्थित तालाब वाले श्री हनुमान मंदिर पर विशाल सुंदरकाण्ड पाठ व भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार मौहल्ला बड़ाबास स्थित श्री डुंगा वाला हनुमान मंदिर में भी सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन होगा। कस्बे के मोरीजावाला धर्मशाला स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में सहस्त्र पुष्प अर्चना, सुन्दरकाण्ड पाठ, भगवान का अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, आरती व हवन सहित विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। इसी प्रकार निकटवर्ती ग्राम आसपुरा के बावड़ी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भी श्री हनुमान जन्मोत्सव का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इस मौके पर सुन्दरकाण्ड पाठ व भजन संध्या का आयोजन होगा।

## विधायक पटेल विभिन्न सडक़ों के निर्माण कार्य का करेगें शिलान्यास

जयपुर टाइम्स



**कोटपूतली(निसं.)** विधायक हंसराज पटेल शनिवार को क्षेत्र में विभिन्न सडक़ों के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेगें। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भैंसलाना से ढ़ाणी मंगलदास वाली तक 01 करोड़ 02 लाख 50 हजार रूपयों की लागत से बनाई जा रही 4.10 किमी लम्बी सडक़ व ग्राम सांगटेड़ा से बनका तक 50 लाख 75 हजार रूपयों की लागत से बनाई जा रही सडक़ के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेगें।

## महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर युवाओं ने किया रक्तदान




जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** पूर्व पार्षद व समाजसेवी तारा पूतली द्वारा चलाये जा रहे नियमित रक्तदान अभियान के तहत महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर शुक्रवार को यहाँ के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में राजपाल कटारिया, लोकेश जाट, रवि यादव आदि युवाओं ने ब्लड बैंक पहुँचकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान योगेश जाट, प्रमोद खटाना, भूपसिंह पूतली, रामसिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## अवैध हथकड़ शराब बेचने के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

### विगत 12 मार्च को पुलिस जाप्ते को देखकर हो गया था फरार

**कोटपूतली(निसं.)** निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने अवैध हथकड़ देशी शराब बेचने के एक मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएचओ बाबूलाल मीणा ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत 12 मार्च को पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम महरमपुर राजपूत स्थित बावरिया बस्ती में दबिश दी तो एक व्यक्ति प्लास्टिक की बोतलों में भरी अवैध हथकड़ देशी शराब को छोडकर फरार हो गया था। जिसकी पहचान ग्राम महरमपुर राजपूत निवासी रवि (23) पुत्र रिशाल




बावरिया के रूप में की गई थी। उक्त अभियुक्त रवि बावरिया को थाना पुलिस ने शुक्रवार को मुखबीर की सूचना पर ग्राम महरमपुर राजपूत से ही दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। उक्त अभियुक्त रवि बावरिया सरूण्ड थाने के 10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल है।

### नकबजनी की दो वारदातों का पर्दाफाश

## चोरी किये गये 23 बोरी सरसों, वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर मय ट्रॉली को किया जप्त

### मुख्य सरगना मनोज गुर्जर को किया गिरफ्तार, नारेहड़ा स्थित ज्यूस की दुकान में नकबजनी की वारदात को दे चुका है अन्जाम

जयपुर टाइम्स



**कोटपूतली(निसं.)** निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने नकबजनी की दो वारदातों का पर्दाफाश करते हुये मुख्य सरगना को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसएचओ बाबूलाल मीणा ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत 05 अप्रैल को ग्राम पंवाला राजपूत निवासी अशोक छावड़ी पुत्र मुखराम गुर्जर ने दर्ज करवाया था कि 31 मार्च को उसने अपने पुराने मकान में 200 मण सरसों कट्टों में खुली रखी थी। जिन्हें 05 अप्रैल की सुबह देखा तो सरसों के 24 बोरे गायब मिले, जिन्हें कोई रात्रि में चुरा कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुये संदिग्ध व्यक्तियों की जाँच शुरू की। इस सम्बंध में गठित पुलिस टीम ने ग्राम पंवाला राजपूत निवासी मनोज गुर्जर को दस्तयाब कर गहनतापूर्वक अनुसंधान व कड़ी पुछताछ की तो उसने अपने साथियों के साथ उक्त वारदात को कारित करना स्वीकार किया। इस पर पुलिस ने अभियुक्त मनोज (23) पुत्र रामचन्द्र गुर्जर निवासी ग्राम पंवाला राजपूत को गिरफ्तार करते हुये उसके कब्जे से चोरी किये गये 23 बोरे सरसों व वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर ट्रॉली को भी जप्त कर लिया। उक्त अभियुक्त मनोज गुर्जर ने सम्बंधित घटना के अलावा नारेहड़ा स्थित ज्यूस की दुकान में अपने साथियों के साथ दो बार नकबजनी कर चोरी करना स्वीकार किया है। जिसके बारे में भी गहनता से पुछताछ की जा रही है। साथ ही अभियुक्त से अन्य वारदातों का पता लगाने के सम्बंध में भी अनुसंधान करते हुये घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

## भाजपा जिलाध्यक्षों ने मीडिया को बताया सांसद संवाद संपर्क एवं धन्यवाद यात्रा के स्वरूप के बारे में

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अलवर पर शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए संयुक्त रूप से अलवर दक्षिण जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं उत्तर जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने 12 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो रही सांसद संवाद संपर्क एवं धन्यवाद यात्रा के स्वरूप को विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस मौके पर मीडिया प्रभारी प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, सह प्रभारी राकेश यादव उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव द्वारा 12 अप्रैल से अलवर संसदीय क्षेत्र अलवर की विभिन्न ग्राम पंचायत समितियों में 'सांसद संपर्क संवाद यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा बजट घोषणाओं, मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं,




केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना की जानकारी तथा अन्य मुद्दों के संबंध में आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
12 अप्रेल, 2025

## मुख्य सचिव की जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक,

# प्रशासन आमजन की समस्याओं का तत्काल निस्तारण कर राहत देने के लिए तत्पर रहे : मुख्य सचिव पंत

## गर्मी के मौसम में पेयजल और बिजली की सप्लाई सुचारू रखने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि अधिकारी पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करते हुए जनता को सुशासन का अहसास कराएं। आमजन की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करें ताकि उन्हें महसूस हो कि सरकार और प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ है और राहत देने के लिए तत्पर है। मुख्य सचिव शुक्रवार को दौसा कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सुशासन के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने पेयजल व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि पानी के लिहाज से अगले ढाई महीने काफी क्रिटिकल है। इसलिए गर्मी के मौसम में पेयजल और बिजली की सप्लाई सुचारू रखें ताकि आमजन को कोई समस्या नहीं हो। उन्होंने समर कंटिजेंसी प्लान को तुरंत स्वीकृत कराकर काम शुरु करने के निर्देश दिए। पानी की चोरी रोकने के लिए चल रहे अभियान में प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग लेकर ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईसरदा पेयजल प्रोजेक्ट का कार्य मानकों के अनुरूप गुणवत्तायुक्त करते हुए समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने ई-फाइल सिस्टम की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को फाइल निस्तारण के औसत समय में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय पर फाइल का निस्तारण होने से ही प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार झलकेगा और लोगों को समय पर राहत मिल सकेगी। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पर परिवादों के निस्तारण की प्रगति को लेकर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज होने वाले प्रकरणों का औसत निस्तारण समय 25 दिवस से घटाकर 10 दिन करना उल्लेखनीय है। 'राइजिंग राजस्थान' के दौरान हुए एमओयू की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को निवेशकों को हरसंभव सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निवेशकों को किसी भी स्तर पर कोई बाधा का सामना नहीं करना पड़े। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की क्रियान्विति की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्डों का शत प्रतिशत वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के कार्य शीघ्र पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की चिकित्सा सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की और हीट वेव के दौरान विशेष सतर्कता बरतते हुए कारगर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के कार्य बरसात के मौसम से पहले पूर्ण कराने तथा 'हरियालो राजस्थान' और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में पौधे लगाने की तैयारी शुरु करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि कनवर्जन एवं म्यूटेशन प्रकरणों का निस्तारण राज्य सरकार की ओर से निर्धारित समय सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए भूमि आवंटन तथा आधारभूत संरचनाओं के लिए भूमि अवाप्ति के प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने जिले में अपराधों की स्थिति और उनके रोकथाम के लिए की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध, अवैध ड्रग्स, अवैध शराब एवं अवैध खनन जैसे मामलों को लेकर राज्य सरकार विशेष संवेदनशील एवं गंभीर है। ऐसे अपराधों की रोकथाम के लिए खास सतर्कता बरतें और ठोस कार्रवाई करते हुए अपराधों में कमी लाएं। उन्होंने मिलावटी खाद्य सामग्री की आपूर्ति रोकने और आमजन को शुद्ध सामग्री उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को फील्ड में निरन्तर मॉनिटरिंग कर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने कहा कि ई-फाइल निस्तारण के औसत समय में सुधार, बिजली-पानी की नियमित आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित उपलब्धता सहित मुख्य सचिव की ओर से दिए गए सभी निर्देशों की पूर्ण पालना कर आमजन को राहत प्रदान की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक सागर, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामस्वरूप चौहान, अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीणा, उपखण्ड अधिकारी मूलचंद लूणिया, नगर परिषद् आयुक्त कमलेश मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### जिला कलक्टर के निर्देश पर अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

9 डंपर सहित 12 वाहन जब्त, 12 लाख की राशि का जुर्माना लगाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जिला कलकटर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस ने संयुक्त रूप से अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। संयुक्त दल ने जिले के विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त 9 डंपर सहित 12 वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन की कार्रवाई की एवं 12 लाख से अधिक की जुर्माना राशि आरोपित की। खनन अभियंता श्री श्याम कापड़ी ने बताया कि संयुक्त कार्रवाई दल ने बगरू थाना क्षेत्र में खनिज चुनाई पत्थर से लदे 5 डंपर, महला थाना क्षेत्र में 2 डंपर, भांकरोटा थाना क्षेत्र में एक डंपर, गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र में 1 डंपर एवं 2 ट्रेक्टर ट्रॉली, सेज थाना क्षेत्र में एक ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त की। उक्त सभी वाहन बिना वैध ई-रवन्ना खनिज चुनाई पत्थर का परिवहन कर रहे थे। कार्रवाई के पश्चात टीम ने उक्त वाहनों को संबंधित थानों को सुपुर्द किया है।

### हनुमान जयंती पर्व पर मंदिर ठिकाना गलता जी परिसर में आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने दुरुस्त किये इंतजाम

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** हनुमान जयंती के पर्व के अवसर पर मंदिर ठिकाना गलता जी के मंदिरों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर जिला प्रशासन ने आवश्यक व्यवस्था दुरुस्त की हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं आयोजन से जुड़े सभी इंतजामों के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए उपखण्ड अधिकारी जयपुर, उत्तर दीपक खटाना को समग्र प्रभारी बनाया गया है। नगर निगम के अधिकारियों को परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र में साफ-सफाई एवं रोशनी की व्यवस्था करने, फायर ब्रिगेड की मय प्रशिक्षित स्टाफ तैनाती करने, मोबाइल शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। वहीं, पुलिस उपायुक्त, जयपुर उत्तर को भीड़ नियंत्रण करने के लिए अस्थाई नियंत्रण कक्ष स्थापित करने, हनुमान जयंती आयोजन स्थल में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगवाने, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने एवं उनकी जांच करने करने के निर्देश दिये गए हैं। वहीं, यातायात पुलिस उपायुक्त को हनुमान जयंती आयोजन के दौरान परिसर में वाहनों की समुचित पार्किंग एवं सुगम यातायात के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने, पार्किंग में लावारिस वाहनों एवं संदिग्ध वस्तुओं की जांच करने के निर्देश दिये गए हैं। वहीं, अधिकारियों को आयोजन स्थल पर भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेटिंग करवाने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों की व्यवस्था करवाने, मंदिर परिसर के आस-पास अतिक्रमण हटवाने सहित सभी विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय को हनुमान जयंती आयोजन की समाप्ति तक आवश्यकतानुसार चिकित्सा वाहन उपलब्ध करवाने, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ के साथ-साथ आवश्यक दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये हैं। वहीं, अधीक्षण अभियंता, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एवं अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को भी संबंधित व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया गया है।

### वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा का स्वागत

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा के कोटपूतली आगमन पर शुक्रवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह, पार्षद प्रतिनिधि मुखिया पायला, उमराव रावत, सुभाष गुर्जर, रविन्द्र प्रजापत समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रामगढ़ बांध में 252.93 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास, विरासत संरक्षण के साथ विकास को प्राथमिकता: जल संसाधन मंत्री




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने शुक्रवार को ऐतिहासिक रामगढ़ बांध के मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। बजट वर्ष 2024-25 के तहत 252.93 लाख रुपये की लागत से ये कार्य आगामी 12 महीनों में पूरे किए जाएंगे। कार्यक्रम में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंत्री रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार "विकास के साथ विरासत के संरक्षण" के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। रामजल सेतु लिंक परियोजना के माध्यम से रामगढ़ बांध में जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके तहत बांध की पाल की मरम्मत, पैरापेट वॉल, कंट्रोल रूम, सीढ़ियों और छतरियों की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रावत ने कहा कि परियोजना के पहले चरण के टेंडर हो चुके हैं, दूसरा चरण प्रक्रियाधीन है और इसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि रामगढ़ बांध का पुनरोद्धार क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग रही है, जो अब पूरी हो रही है। यह परियोजना किसानों, पशुपालकों और ग्रामीणों के लिए लाभकारी साबित होगी। विधायक महेन्द्र पाल मीना ने सरकार का आभार जताया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## पानी की दरों में वृद्धि का भार उठाएगी राज्य सरकार

2100 करोड रुपए प्रतिवर्ष आएगा अतिरिक्त भार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में पेयजल की दरों में वृद्धि का अतिरिक्त भार जनता पर नहीं डालने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के पेयजल उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान की है। अब पेयजल उपभोक्ताओं से वर्तमान लागू दरों पर ही पानी के बिलों एवं अन्य सेवाओं की राशि वसूल की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा अनुदान के रूप में शेष राशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है इससे सरकार पर लगभग 2100 करोड रुपए प्रतिवर्ष का अतिरिक्त भार आएगा। जलदाय मंत्री श्री कन्हैयालाल ने बताया कि विभाग के माध्यम से आम जनता को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। वर्ष 2017 से लागू पानी की दरों में राज्य सरकार द्वारा वृद्धि नहीं की गई है। वर्ष 2017 से अब तक पेयजल संरचनात्मक ढांचे तथा पेयजल वितरण प्रणाली, संचालन, संधारण एवं रखरखाव लागत में लगभग चार से पांच गुणा वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में प्रचलित दरों में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत बढाने का निर्णय किया था परंतु वर्ष 2017 के बाद एकबार भी दरों को बढाया नहीं गया, परिणामस्वरूप टैरिफ से प्राप्त होने वाला राजस्व, रखरखाव व संधारण के खर्चों का बहुत कम हिस्सा ही है। इसके कारण जल वितरण संबंधी परिसंपत्तियों की गुणवत्ता में कमी आकर, उसके कार्यशीलता पर भी कुप्रभाव पड़ता है। जलदाय मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पेयजल की दरों को वास्तविक लागत के आधार पर तर्कसंगत बनाने का निर्णय लिया गया है। इस कारण पानी की वर्तमान दरों को चार गुणा करने की सहमति वित्त विभाग से प्राप्त होने पर दरों में वृद्धि की जा रही है। उसके बावजूद भी राज्य की जनता पर अतिरिक्त भार नहीं डालने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा जन हित में निर्णय लिया गया है कि पेयजल उपभोक्ताओं से वर्तमान लागू दरों पर ही पानी के बिलों एवं अन्य सेवाओं की राशि वसूल की जाएगी।

### जयपुर एयरपोर्ट पर बिगड़ा फ्लाइट शेड्यूल, दिल्ली की 5 और जयपुर की 4 फ्लाइट्स डाइवर्ट

**जयपुर(कासं.)** देशभर में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण शुक्रवार को जयपुर समेत कई शहरों में मौसम खराब रहा। जयपुर में तेज धूलभरी आंधी के चलते विजिबिलिटी बेहद कम हो गई, जिससे फ्लाइट ऑपरेशंस पर असर पड़ा। जयपुर एयरपोर्ट पर चार फ्लाइट्स लैंड नहीं कर सकीं और इन्हें उदयपुर, भोपाल व जोधपुर जैसे वैकल्पिक एयरपोर्ट्स पर डाइवर्ट किया गया। डाइवर्ट की गई फ्लाइट्स में इंडिगो की चंडीगढ़ से जयपुर आने वाली फ्लाइट 6-7517 को उदयपुर भेजा गया, मुंबई से 6-241 को जोधपुर, कोलकाता से 6-394 को भोपाल और इंदौर से 6-7192 को उदयपुर डाइवर्ट किया गया। एयरलाइंस ने यात्रियों के लिए वैकल्पिक साधनों की व्यवस्था की। वहीं दिल्ली एयरपोर्ट पर शाम को मौसम खराब होने से तीन इंटरनेशनल और दो डोमेस्टिक फ्लाइट्स को जयपुर डायवर्ट किया गया।

# जन परिवेदनाओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हो सुनिश्चित





### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

### जिला कलक्टर ने शुक्रवार को खोरा मीणा एवं भानपुर कलां में की जनसुनवाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार जनसाधारण की समस्याओं एवं परिवेदनाओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही सुनिश्चित किए जाएं ताकि सुशासन एवं अंत्योदय की परिकल्पना को धरातल पर साकार किया जा सके। जिला कलकटर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को यह निर्देश शुक्रवार को आमेर के खोरामीणा एवं जमारामगढ़ के भानपुर कलां में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दिये। जिला कलक्टर ने आमेर उपखंड के खोरा मीणा गांव में जनसुनवाई के दौरान प्राप्त परिवेदनाओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने विभागवार योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। जनसुनवाई के दौरान लापरवाही के लिए बीसीएमएचओ, आमेर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान जिला कलक्टर ने जन सहयोग से संचालित की जा रहे वाचनालय का निरीक्षण किया। वहीं, राजकीय विद्यालय में पर्याप्त संख्या में कंप्यूटर नहीं होने के कारण जिला कलक्टर की अपील पर स्थानीय भामाशाहों ने 9 कंप्यूटर लगवाने की घोषणा की। वहीं, जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी को विद्यालय में 40 लाख की लागत के विकास कार्य करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर के दौरे के दौरान पंच गौरव कार्यक्रम के तहत पंचायत परिसर में ही आवंला और लिसोड़े के 21-21 पौधे लगवाए गए साथ ही, गांव में जनसहयोग से ग्रीष्मकाल में पक्षियों के लिए 100 से अधिक परिंडे एवं पशुओं के लिए पानी की छोटी टंकियां रखवाई गईं। जिला कलक्टर ने जमवारामगढ़ उपखंड के भानपुर कलां गांव में भी जनसुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की परिवेदनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के बाद जिला कलक्टर ने ग्रामं पंचायत द्वारा विकसित पौधशाला का निरीक्षण किया एवं पंच गौरव कार्यक्रम के तहत आंवले का पौधा लगाया। गौरतलब है कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गुरुवार को भी मेहंदवास एवं निमेड़ा में जनसुनवाई कर अधिकारियों को जनसाधारण की बिजली, पानी, राजस्व सहित अन्य परिवेनाओं एवं समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए निर्देशित किया था।

## फूले का भारत

शूद्र अछूत कहे जिन्हें,
जीवन भर लाचार।
फूले ने दी सीख तो,
खोला ज्ञान-द्वार॥

यज्ञ-जपों की आड़ में,
होता रहा प्रपंच।
फूले ने जब कहा
'नहीं' , टूटा झूठा
मंच॥

शिक्षा जिसकी
साधारणी, खोले सौरभ
द्वार।
भेदभाव के जाल से,
होता तभी उद्धार॥

सावित्री को साथ ले,
रच दी नयी मिसाल।
नारी पढ़े, बढ़े तभी,
बदले सारे ख्याल॥

पैसे की जो बंदगी,
शिक्षा की हो हार।
फूले कहते ज्ञान बिन,
सब कुछ है बेकार॥

सत्तर से भी ऊपर साल,
फिर भी वैसी बात।
बदलेंगे कब दलित
के, धरती पर हालात॥

संविधान की छाँव में,
अब भी खड़े सवाल।
जाति, धर्म के नाम
पर, चलती हर इक
चाल॥

कर्मकांड को छोड़ कर,
रचिये नया समाज।
सत्यशोधक फुले बनें,
संघर्षों का राज॥

फूले जैसा स्वप्न था,
समता-शिक्षा-ज्ञान।
पर अब भी तो गूंजता,
भेदभाव का गान॥

फूले का भारत वही,
जहाँ न हो अपमान।
मानवता की रेख से,
बनता नया विधान॥

कर्म न देखा आज
तक, देखा कुल या
गोत्र।
फूले पूछें-यह कहाँ,
मानवता का जोत्र?॥

राजनीति जब सेविका,
बन जाए व्यापार।
फूले तब हैं पूछते-सेवा
है या वार?॥

गाँवों में अब भी नहीं,
रोटी-शाला-वास।
फूले पूछें-क्या यही, है
सच्चा विकास?॥

फूले का भारत अगर,
रचना हो साकार।
उठो मनुज! अब मत
रुको, कर विवेक से
वार॥

**- डॉ सत्यवान सौरभ**

# तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पणः भारत की एक बड़ी सफलता !



**सुनील कुमार महला,**
फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

आतंकवाद भारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए आज भी एक नासूर है और हाल ही में इस नासूर पर लगाम लगाने के क्रम में मुंबई धमाकों 2008 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया गया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह भारत की आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी जीत है।सच तो यह है कि यह भारत सरकार के अथक रणनीतिक प्रयासों का ही परिणाम है कि तहव्वुर राणा को भारत लाया जा सका है। पाठकों को बताता चलूं कि मुंबई आतंकवादी हमले में सैकड़ों लोग मारे गए थे, जिनमें 26 विदेशी नागरिक भी थे और इस हमले की विश्वव्यापी निंदा हुई थी। वास्तव में भारत का यह कदम आतंकवादी संगठनों, विशेषकर पाकिस्तान के लिए एक सशक्त/सख्त संदेश है कि किसी एक देश का आतंकवादी किसी अन्य देश में बेफिक्र होकर नहीं घूम सकता। पाठक अच्छी तरह से जानते होंगे कि आतंकवाद का मतलब है, किसी राजनीतिक, धार्मिक, या वैचारिक मकसद को पूरा करने के लिए हिंसा या धमकी का इस्तेमाल करना। वास्तव में आतंकवाद का मकसद, सरकार को किसी न किसी प्रकार से प्रभावित करना या लोगों को डराना होता है। वास्तव में सच तो यह है कि आतंकवाद को एक तरह की हिंसात्मक गतिविधि माना जाता है। संक्षेप में कहें तो यह मानवता के विरूद्ध एक गंभीर अपराध है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इस कदम से अमेरिका का आतंकवाद के प्रति दृष्टिकोण भी और अधिक स्पष्ट हो गया है। सच तो यह है कि आतंकवाद व आतंकवादी किसी भी राष्ट्र के मित्र नहीं हो सकते हैं। यदि हम यहां पर आतंकवाद की खास बातों पर विचार करें तो यह व्यक्तियों के बीच की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह तो एक प्रकार से सामाजिक समूहों और राजनीतिक शक्तियों के बीच संघर्ष है। वास्तव में सच तो यह है कि आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति, असीमित युद्ध का एक रूप ही तो है।कहना ग़लत नहीं होगा कि आतंकवाद को संरक्षण देने वाले देश स्वयं इसके दुष्परिणामों से अछूते नहीं रह सके हैं और विशेषकर पाकिस्तान इसका जीता-जागता उदाहरण है।आतंकवाद बहुत ही घृणित और विनाशकारी अपराध है। गौरतलब है कि तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण आतंकवाद के प्रति वैश्विक परिप्रेक्ष्य में परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है। साथ ही, भारत सरकार ने आतंकवाद के प्रति अपनी जीरो टोलरेंस(शून्य सहनशीलता) नीति को भी वैश्विक स्तर पर दृढ़ता से प्रमाणित किया है। अब सरकार से यह अपेक्षा की जा सकती है कि भविष्य में भी इसी प्रकार से अन्य आतंकवादियों और आर्थिक अपराधियों के प्रत्यर्पण को भी सुनिश्चित किया जाएगा। बहरहाल, पाठकों को यह याद होगा कि कुछ समय पहले ही व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में तहव्वुर राणा को भारतीय कानून का सामना करने के लिए भारत भेजने पर सहमति व्यक्त की थी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार राणा पेशे से चिकित्सक है, जिसका जन्म पाकिस्तान में हुआ था तथा बाद में वह कनाडा चला गया था और वहां का नागरिक बन गया। मुंबई आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में एक अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाउद गिलानी का राणा करीबी सहयोगी रहा है। उल्लेखनीय है कि हेडली ने मुंबई हमले की रेकी की थी और इस साजिश को साकार करने में राणा ने उसकी मदद की थी।पाठकों को बताता चलूं कि उस समय मुंबई के ताज होटल, सीएसटी और कामा अस्पताल समेत कई जगहों पर हमला हुआ था। इस दौरान पुलिस व सेना की जवाबी कार्रवाई में आतंकी अजमल कसाब जीवित पकड़ा गया था तथा उसे कानूनी प्रक्रिया में दोषी पाये जाने के बाद वर्ष 2012 में उसे 21 नवंबर 2012 में फांसी दे दी गई। गौरतलब है कि कसाब के विरुद्ध दायर चार्जशीट में राणा, हेडली के नामों का भी उल्लेख किया गया है।आरोप है कि राणा ने पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हरकत-उल-जिहादी इस्लामी के आतंकवादियों के साथ मिल कर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई पर हमले की साजिश रची थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई ने वर्ष 2020 में राणा को गिरफ्तार किया था। दरअसल, उसकी गिरफ्तारी भारत के कूटनीतिक दबाव के कारण हुई थी। बाद में जांच एजेंसियों की पूछताछ में यह सामने आया कि मुंबई आतंकी हमले में राणा का भी हाथ रहा है। हाल फिलहाल, एनआईए को तहव्वुर राणा की 18 दिन की रिमांड मिली है और इस संबंध में पटियाला हाउस कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। उम्मीद की जा सकती है कि पूरी जांच के बाद मुंबई हमले में पाकिस्तान की भूमिका की भी पुख्ता जानकारी भारत को मिल सकेगी। हालांकि, यह बात अलग है कि यह पहले भी प्रमाणित हो चुका है कि इस हमले की साजिश पड़ोसी देश पाकिस्तान में ही रची गई थी। भारत के पास इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं, लेकिन पाकिस्तान यह कभी भी स्वीकार नहीं करेगा। हालांकि, पाकिस्तान का चेहरा अब पूरी दुनिया के समक्ष एक्सपोज हो चुका है कि वह आतंकवाद और आतंकियों का असली गढ़ है। हाल फिलहाल, 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा का अमरीका से भारत प्रत्यर्पण एक कानूनी सफलता भर नहीं है, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है कि हम आतंकवाद को किसी भी हाल और सूरत में स्वीकार करने वाले नहीं हैं। जैसा कि ऊपर भी यह कह चुका हूं कि यह भारत की आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टोलरेंस की नीति को स्पष्टतया दिखाता है। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि भारत ने न केवल राणा की आतंकी हमले में संलिप्तता के ठोस प्रमाण प्रस्तुत किए, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि उसके साथ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यवहार किया जाएगा। इसके बाद, अमरीकी अदालतों में लंबी कानूनी प्रक्रिया चली। राणा ने भारत में निष्पक्ष सुनवाई न होने का तर्क देने के साथ अपनी जान को खतरा बताते हुए प्रत्यर्पण का विरोध भी किया था। अंत में यही कहूंगा कि मुंबई हमला देश की आत्मा पर हुआ एक ऐसा घातक वार था, जिसके जख्म आज भी हमारे मन में हरे हैं। वास्तव में तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण वैश्विक एकजुटता को भी दर्शाता है जो कि आतंकवाद के खिलाफ आवश्यक है। अमरीका के इस सहयोग से दोनों देशों(भारत-अमेरिका) के रणनीतिक संबंधों को भी गति मिल सकेगी और दोनों देशों का भरोसा भी इससे कहीं न कहीं मजबूत हो सकेगा। हाल फिलहाल तहव्वुर राणा भारत की न्यायिक प्रक्रिया के अधीन है, अतः यह आवश्यक है कि उसके खिलाफ मुकदमा पारदर्शिता और निष्पक्षता से चलाया जाए। यह भारत की न्याय प्रणाली के प्रति आमजन के विश्वास को और मजबूत करेगा। साथ ही, मुंबई हमले के उन पीड़ित परिवारों के लिए ढांढस बढ़ाएगा, जिन्हें उस आतंकी हमले ने अपूरणीय क्षति पहुंचाई।



## आदि गुरु शंकराचार्य

**आचार्य शंकर ने अद्वैत सिद्धांत को स्थापित किया, अपने अकाट्य प्रमाण, धारदार तर्क से नास्तिकों को परास्त किया। भाष्य लिखकर समाज को ज्ञान के भंडार से भर दिया। वर्तमान के दक्षिण भारत के केरल राज्य में अवस्थित निम्बूदरीपाद ब्राह्मणों के 'कालडी़ ग्राम' में सन् 788 ईसा पूर्व श्री शिव गुरु तथा भगवती आर्यम्बा के घर इस महान बालक का जन्म हुआ। यद्यपि भगवान कृष्ण इनके कुल देवता थे तथापि इनके माता - पिता परम शिव भक्त थे। धार्मिक मान्यतानुसार आचार्य शंकर को भगवान शिव का ही अवतार माना जाता है।**



ब्रह्म ही सत्य है, जगत मिथ्या और जीव ही ब्रह्म है, उससे भिन्न नहीं। वेदांत की इस वाणी को सिद्ध करने वाले महान मनीषी परमपूज्य आदि गुरु शंकराचार्य के नाम से विश्व विख्यात हैं। इस महान योगी की जन्मभूमि भारत का शाब्दिक अर्थ है भा - तेज (ज्ञान का तेज), रत - उसमें जो रत है, वही भारत है। स्वयं को विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने वाला भारतवर्ष उस दौर से गुज़र रहा था जब ज्ञान की इस भूमि पर अज्ञानता रूपी अंधकार ने घेर रखा था। समूचे ब्रह्मांड में इस राष्ट्र की पहचान एक आध्यात्मिक राष्ट्र के रूप में है। किन्तु तत्कालीन समाज में धर्म और आध्यात्म के नाम पर अराजकता फैल रही थी। जिस प्रकार माँ गंगा के पवित्र प्रवाह में कहीं - कहीं मार्ग में नाले जैसे भी मिल जाते हैं वैसे पीढ़ियों से परंपराओं का पालन करते हुए भी समाज में विकृतियां जन्म ले लेती हैं। चार्वाक, लोकायत, कापालिक, शाक्त, सांख्य, बौद्ध, माध्यमिक तथा अन्य बहुत से सम्प्रदाय और शाखाएं बन गई थी। इस प्रकार के सम्प्रदायों की संख्या लगभग 72 हो गई थी। सब आपस में एक दूसरे के विरोधी थे। कहीं कोई शान्ति नहीं। अनाचार, अन्धविश्वास, द्वन्द और संघर्ष का बोलबाला था। लगता था हर तीसरे व्यक्ति का अपना दर्शन, अपना सिद्धान्त और अपना अनुगामी दल है। आध्यात्मिक क्षेत्र में हुए ऐसे पतन के समय आचार्य शंकर का अवतरण हुआ। आध्यात्म की नींव दर्शन शास्त्र है। आचार्य शंकर ने अद्वैत सिद्धांत को स्थापित किया, अपने अकाट्य प्रमाण, धारदार तर्क से नास्तिकों को परास्त किया। भाष्य लिखकर समाज को ज्ञान के भंडार से भर दिया। वर्तमान के दक्षिण भारत के केरल राज्य में अवस्थित निम्बूदरीपाद ब्राह्मणों के 'कालडी़ ग्राम' में सन् 788 ईसा पूर्व श्री शिव गुरु तथा भगवती आर्यम्बा के घर इस महान बालक का जन्म हुआ। यद्यपि भगवान कृष्ण इनके कुल देवता थे तथापि इनके माता - पिता परम शिव भक्त थे। धार्मिक मान्यतानुसार आचार्य शंकर को भगवान शिव का ही अवतार माना जाता है। केवल 3 वर्ष की अल्पायु में ही परम प्रतापी बालक ने अपनी मातृभाषा मलयालम के अनेकों ग्रंथ कंठस्थ कर लिए थे। दुर्भाग्य से इतनी कम आयु में ही शंकर के सर से पिता का साया उठ गया। माता ने कर्त्तव्यपालन करते हुए पुत्र को ज्ञान अर्जित करने गुरुकुल भेजा। कुशाग्र बुद्धि वाले शंकर मात्र 8 वर्ष की आयु में चारों वेदों के ज्ञाता हो गए। भगवती आर्यम्बा घर से दूर गाँव में बहने वाली पूर्णा नदी में स्नान हेतु नित्य जाया करती थी। एक दिन मार्ग में उन्हें चोट लगी और वे अचेत हो गयी। माँ की ऐसी अवस्था देखकर बालक शंकर ने पूरी निष्ठा और भक्ति से श्री कृष्ण की आराधना की और उनकी कृपा से नदी ने अपना मार्ग बदल लिया। आज भी केरल में हमें आचार्य शंकर के घर के पास ही बहती पूर्णा नदी और श्रीकृष्ण के भव्य मंदिर के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त है। आचार्य शंकर का जन्म ही मानव कल्याण और सनातन धर्म की रक्षा के लिए हुआ था। उन्होंने गृह त्याग कर सन्यासी बनने का संकल्प ले लिया था। किंतु माता की आज्ञा के बिना यह कार्य संभव नहीं था। पूर्णा नदी से जुड़ी एक और घटना बालक शंकर को सन्यासी बना देती है। अपनी माता के साथ वे भी नित्य नदी स्नान को जाते हैं और तभी एक दिन उनका पैर फिसल जाता है। एक मगरमच्छ उनके पैरों को दबोच लेता है और वे पीड़ा से कराहते हुए अपनी माता से कहते हैं कि 'मृत्यु से पूर्व मुझे सन्यासी बनने की प्रबल इच्छा थी, माँ कृपा करके मुझे आज्ञा दे दो'। रोती - बिलखती माता उन्हें जैसे ही अनुमति प्रदान करती हैं, वैसे ही मगरमच्छ उन्हें छोड़ देता है। गृह त्याग करने से पूर्व माता उनसे वचन लेती हैं कि मृत्यु पश्चात वे ही उनका अंतिम संस्कार करेंगे (शास्त्रों में सन्यासी के लिए यह वर्जित माना जाता है)। सद्गुरु की खोज में निकले शंकराचार्य मध्य प्रदेश के नर्मदा तट पर स्थित परमपूज्य स्वामी श्री गोविंदपाद जी महाराज की शरण में जा पहुंचते हैं। उन्हें साक्षात महर्षि पतंजलि का अवतार माना जाता है, जिन्होंने विश्व को योग सूत्र रूपी अमूल्य निधि प्रदान किया था। गुरु के सान्निध्य में आचार्य शंकर और अधिक तेजस्वी हो गए। गुरु कृपा से ही उन्हें अद्वैत वेदांत का ज्ञान प्राप्त हुआ, योग में भी निपुण हो गए। उन्होंने अनेकों ग्रंथों पर भाष्य लिखे, किताबेंलिखी। तत्पश्चात गुरु की आज्ञा से उन्होंने ज्ञान की नगरी काशी की ओर प्रस्थान किया। भारतवर्ष में सदा से ही वैचारिक स्वतंत्रता रही है। जगह - जगह शास्त्रार्थ हुआ करते थे, हर तरफ ज्ञान की गंगा बहती थी। अन्यान्य मतावलंबियों, कट्टरपंथियों को शास्त्रार्थ में परास्त कर किशोर सन्यासी ने धीरे-धीरे प्रसिद्धि प्राप्त कर ली।

बड़े-बड़े विद्वानों से शास्त्रार्थ किए और उन सबको अपने दृष्टिकोण की ओर मोड़ा। उन्होंने भास्कर भट्ट, दण्डी, मयूरा हर्ष, अभिनव गुप्ता, मुरारी मिश्रा, उदयनाचार्य, धर्मगुप्त, कुमारिल, प्रभाकर आदि मूर्धन्य विद्वानों को शास्त्रार्थ में पराजित किया। सभी ने उन्हें अपना गुरु स्वीकारा। काशी प्रवास शंकराचार्य जी के लिए वरदान सिद्ध हुआ। मणिकर्णिका घाट पर स्नान हेतु जाते हुए उनके मार्ग में एक चांडाल चार कुत्तों के साथ आ खड़ा हुआ। शिष्यों ने उसे मार्ग से हटने का आदेश दिया तिसपर वह चांडाल पूछ बैठा -'गंगा के तट पर बैठकर आप बड़ा उपदेश देते हैं कि सभी में वही एक तत्व विराजमान है, तो स्पर्श हो जाने से आप कैसे अशुद्ध हो सकते हैं ? स्पर्श से आत्मा अशुद्ध हो जाएगी या देह ? आप किसके स्पर्श से बचना चाहते हैं ?' आचार्य शंकर को यह ज्ञात हो जाता है कि यह गूढ़ ज्ञान की बात करने वाला कोई साधारण व्यक्ति तो नहीं हो सकता और वे तुरंत नतमस्तक झ्र होकर उस चांडाल को गुरु मान लेते हैं। मान्यता है कि चांडाल के रूप में स्वयं काशी विश्वनाथ जी ने उन्हें दर्शन दिया था। भगवान विश्वनाथ ने इन्हें आशीर्वाद दिया और आज्ञा दी कि वेदान्त शास्त्रों पर भाष्य की रचना कर सनातन धर्म की रक्षा करो। प्रभु की इस आज्ञा को शिरोधार्य कर शंकर ने 'प्रस्थानत्रयी' भाष्यों की रचना हेतु हिमालय की ओर प्रस्थान किया। मार्ग में हरिद्वार प्रवास भी हुआ। वहाँ उन्होंने देखा कि मंदिर तो है किंतु वहाँ मूर्ति नहीं है। आश्चर्यचकित होकर उन्होंने स्थानिक निवासियों से पूछा तो पता चला कि चीन के डकैतों के भय से श्रीहरि विष्णु जी की मूर्ति को गंगा में छुपाया गया था, जो अब नहीं मिल रही। आचार्य शंकर ने पूरी आस्था से गंगा में डुबकी लगाई और स्वयं मूर्ति उनके सामने प्रकट हो गयी, जिसे मंदिर में प्रस्थापित किया गया।

## कैसे रोक पाएंगे बाल विवाह



लंगाना के रंगा रेड्डी जिले में बाल विवाह होते वक्त बचाई गई एक लड़की ने ग्यारहवीं की परीक्षा में 93 फीसद अंक लाकर सबको चौंका दिया है। पिछले वर्ष अप्रैल में संध्या नामक लड़की को एक सामाजिक संस्था की मदद से बाल विवाह का शिकार होने से बचा लिया गया। संध्या के पिता दसवीं की परीक्षा के बीच ही महज सोलह साल की उम्र में उसकी शादी कराना चाहते थे। बाल विवाह रोके जाने के करीब पंद्रह दिनों बाद ही संध्या के पिता की अधिक शराब पीने से मौत हो गई थी। संध्या ने कहा, आज पिता जिंदा होते तो उन्हें मुझ पर गर्व महसूस होता। पिता की मौत के बाद संध्या ही परिवार का खर्च चलाती है। वह दूसरों के कपड़े प्रेस कर अपना और परिवार का पेट पालने के साथ पढ़ाई कर रही है।

भारत में ही नहीं, दुनिया के कई और हिस्सों में बच्चे विवाह के बंधन में बांध दिए जाते हैं। भारत में यह प्रथा लंबे समय से चली आ रही है। जो बच्चे अभी खुद को भी अच्छे से नहीं समझते, जिन्हें जिंदगी की कड़वी सच्चाइयों का कोई ज्ञान नहीं, जिनकी उम्र अभी पढ़ने-लिखने की होती है उन्हें विवाह के बंधन में बांध कर क्यों उनका जीवन बर्बाद कर दिया जाता है?

यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में सैंतालीस फीसद बालिकाओं की शादी अठारह वर्ष से कम उम्र में कर दी जाती है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि बाईस फीसद बालिकाएं अठारह वर्ष से पहले ही मां बन जाती हैं। यह रिपोर्ट हमारे सामाजिक जीवन के उस स्याह पहलू की ओर इशारा करती है जिसे अक्सर हम रीति-रिवाज व परंपरा के नाम पर अनदेखा करते हैं। तीव्र आर्थिक विकास, बढ़ती जागरूकता और शिक्षा अधिकार कानून लागू होने के बाद भी अगर यह हाल है, तो जाहिर है कि बालिकाओं के अधिकारों और कल्याण की दिशा में अभी काफी कुछ किया जाना शेष है। कैसी विडंबना है कि जिस देश में महिलाएं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर आसीन हुई हों वहां बाल विवाह जैसी कुप्रथा के चलते बहुत-सी बालिकाएं अपने अधिकारों से वंचित कर दी जाती हैं। बाल विवाह न केवल उनकी सेहत के लिहाज से बल्कि उनके व्यक्तित्व के विकास के लिहाज से भी खतरनाक है।

हाल ही में जारी 'एवरी लास्ट गर्ल' नामक रिपोर्ट के अनुसार भारत में बाल विवाह में कमी जरूर आई है लेकिन आज भी देश में प्रति सात सेकेंड में अठारह साल से कम उम्र की किशोरी की जबरन शादी हो जाती है। सबसे ज्यादा बाल विवाह वाले देशों में अफगानिस्तान, यमन और सोमालिया के साथ भारत भी शामिल है। 2001 में हुई जनगणना के अनुसार देश में अठारह वर्ष से कम आयु की 43.5 फीसद किशोरियां शादीशुदा थीं। 2011 की जनगणना में यह आंकड़ा 30.2 था। कुल मिलाकर भारत की अठारह साल सेकम उम्र की दस करोड़ से ज्यादा किशोरियों के गले में मंगलसूत्र है। जबकि संयुक्त राष्ट्र की ओर से तैयार सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल (एसडीजी) के अनुसार 2030 तक भारत समेत पूरे विश्व में बाल विवाह को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत में चौदह साल से कम उम्र की बच्चियों में बाल विवाह की दर कम है, लेकिन पंद्रह से अठारह साल की किशोरियों को शादी के बंधन में जबरन जोड़ दिया जाता है। राजस्थान, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में बाल विवाह की दर अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा है। कम उम्र में शादी के बाद जल्दी गर्भवती होने से जच्चा और बच्चा, दोनों की सेहत पर बुरा असर पड़ता है। इस खास वर्ग में ही शादी के बाद एड्स जैसी बीमारी के संक्रमण का खतरा भी सबसे ज्यादा होता है। पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों के लोग अपनी लड़कियों की शादी कम उम्र में सिर्फ इसलिए कर देते हैं कि उनके ससुराल चले जाने से खर्च कुछ कम होगा। वहीं कुछ लोग अंधविश्वास के चलते अपनी लड़कियों की शादी कम उम्र में ही कर देते हैं।

मार्च 2015 में जारी भारत की जनगणना-2011 के कुछ खास आंकड़े बताते हैं कि इस समय देश में 1.21 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनका बाल विवाह हुआ है। यह संख्या देश के कुल आयकर दाताओं की एक तिहाई है। बाल विवाह के सर्वाधिक मामलों वाले राज्य उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश और गुजरात हैं। भले ही भारत ने पोलियो, चेचक और कुष्ठ जैसे घातक रोगों पर जीत हासिल कर ली हो, लेकिन राजा राममोहन राय से शुरू हुए संघर्ष के पौने दो सौ साल बीतने के बाद भी बाल-विवाह की समस्या कायम है।

जनगणना में बाल-विवाह के 1.21 करोड़ मामले दिख रहे हैं, जबकि पुलिस के पास मुश्किल से साल में कुछ सौ मामले ही दर्ज होते हैं। यानी 99 फीसद से ज्यादा बाल-विवाह के मामलों में शिकायत दर्ज नहीं होती। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इस संबंध में फरवरी 2013 में बनाई राष्ट्रीय नीति में माना है कि पिछले पंद्रह सालों में बाल विवाह के मामलों में ग्यारह फीसद की कमी आई। इस रफ्तार से बाल विवाह खत्म करने में पचास साल और लग जाएंगे।

संयुक्त राष्ट्र की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया का ऐसा तीसरा देश है जहां बाल विवाह का चलन सबसे ज्यादा है। भारत में बीस से उनचास साल की उम्र की करीब सत्ताईस फीसद महिलाएं ऐसी हैं जिनकी शादी पंद्रह से अठारह साल की उम्र के बीच हुई थी। जुलाई 2014 में यूनिसेफ द्वारा 'एंडिंग चाइल्ड मैरिज प्रोग्रेस एंड प्रास्पेक्ट्स' शीर्षक से बाल-विवाह से संबंधित एक रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट के अनुसार विश्व में 72 करोड़ महिलाएं ऐसी हैं, जिनकी शादी अठारह साल से कम उम्र में हुई है। विश्व की प्रत्येक तीन बालिका वधुओं में एक भारतीय है।



# जब 12 ऑडिशन के बाद अनुप्रिया गोयनका के हाथ से फिसली सलमान की फिल्म?

अनुप्रिया गोयनका बॉलीवुड और ओटीटी की जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने टाइगर जिंदा है, पद्मावत और वॉर जैसी बड़ी फिल्मों में काम किया है। ओटीटी पर भी सेक्रेड गेम्स, अभय और क्रिमिनल जस्टिस में उन्होंने अदाकारी से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। लेकिन क्या आपको पता है कि सलमान खान की एक फिल्म उनके हाथ से निकल गई थी? दरअसल, फिल्म सुल्तान के लिए अनुप्रिया ने कई ऑडिशन दिए थे, लेकिन अंत में यह रोल अनुष्का शर्मा के पास चला गया था।

हाल ही में बातचीत में अनुप्रिया ने इस अनुभव को साझा किया। अनुप्रिया ने कहा कि सुल्तान के लिए उनका सफर आसान नहीं था। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, मैंने मुख्य किरदार के लिए ऑडिशन दिया था। उस वक्त यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) नए चेहरों की तलाश में था।

## एक महीने तक चली प्रक्रिया

अनुप्रिया ने आगे कहा, मेरे 11-12 टेस्ट हुए। पहले एक ऑडिशन, फिर दूसरा, फिर म्यूजिक वीडियो टेस्ट, वैभवी मर्चेंट के साथ डांस टेस्ट और आखिर में डायरेक्टर अली अब्बास जफर के साथ रीडिंग्स। उन्होंने आगे कहा, शुरुआत में मुझे पता ही नहीं था कि यह सुल्तान के लिए है। वाईआरएफ में असली स्क्रिप्ट नहीं देते। वे दूसरी स्क्रिप्ट पर ऑडिशन लेते हैं। जब मैं अली से मिली और उन्होंने मिस्टर खान का जिक्र किया तब मुझे समझ आया कि यह सलमान की फिल्म है। अनुप्रिया को उम्मीद थी कि शायद उन्हें मौका मिल जाए। लेकिन जब रिजल्ट आया तो उनका दिल टूट गया। अभिनेत्री ने कहा, यह मेरे लिए बहुत दुखद था। अनुप्रिया ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, एक तो मैं सांवली हूं और मुझे इस पर गर्व है, लेकिन मैं टिपिकल वाईआरएफ हीरोइन नहीं हूं। मेरी टांगें परफेक्ट शेप की नहीं हैं।

## सुल्तान रही थी ब्लॉकबस्टर

सुल्तान की बात करें तो यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। अनुष्का शर्मा ने इसमें पहलवान का किरदार निभाकर खूब तारीफें बटोरी थीं। अनुप्रिया भले ही यह फिल्म न कर पाई, लेकिन उनकी मेहनत और जज्बा आज भी उनकी दूसरी परियोजनाओं में नजर आता है।



# स्टार किड्स को भी नहीं मिलते मौके अगर वो...

मोहित मलिक पिछले 30 सालों से टीवी की दुनिया में एक्टिव हैं। वह कुल्फी कुमार बाजेवाला और साइबर वार जैसे टीवी शो में नजर आ चुके हैं। हाल ही में मोहित मलिक आजाद फिल्म में नजर आए। फिल्म में उन्होंने तेज बहादुर का किरदार निभाया है। हाल ही में स्क्रीन के साथ बातचीत में उन्होंने बताया कि अपनी कला के प्रति अविश्वास की वजह से वह फिल्मों से दूर रहे। इसी वजह से उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ा।

मोहित मलिक ने बताया साल 2016 में मेरे अंदर इतना आत्मविश्वास नहीं था कि मैं फिल्मों में काम करूं। मुझे अपनी कला पर भरोसा नहीं था। आत्मविश्वास आने के बाद मैंने 2017-18 में फिल्मों में हाथ आजमाया। टीवी सीरियल में काम करने के दौरान मैं अक्सर टाइम निकाल कर फिल्मों के ऑडिशन के लिए जाया करता था। अभिषेक कपूर को मेरा ऑडिशन अच्छा लगा और उन्होंने मुझे फोन किया। मैंने दूसरा टेस्ट दिया और मैं इसमें पास हो गया।

**नई इंडस्ट्री में काम करने में होती है दिक्कत**

मलिक ने आगे बताया कि एक अलग इंडस्ट्री में इतने लंबे वक्त तक काम करने के बाद, एक दूसरे नए उद्योग में एकदम से शुरुआत करने के बाद, आप अहंकार से भी जूझते हैं। लेकिन जुनून अहंकार को हरा देता है। मैं आज भी लोगों के पास जाता हूं और उनसे काम मांगता हूं। लोगों ने आजाद में मेरे काम को पसंद किया। मोहित से पूछा गया कि स्टार किड को अदाकारी का कोई तजुर्बा नहीं होता है। ऐसे में उन्हें काम मिल जाता है, इस पर उनका क्या कहना है? इस पर एक्टर ने जवाब दिया एक वक्त के बाद उन्हें भी मौके मिलने बंद हो जाते हैं।

**स्टार किड्स को भी करनी पड़ती है मेहनत**

मलिक ने बताया अगर मैं भी किसी फिल्मी परिवार में पैदा होता, तो मुझे भी कोई गॉडफादर मिलता और मुझे कई अवसर मिलते। हालांकि, यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि आप अपने काम में कितनी मेहनत कर रहे हैं। अगर आप अपने काम को निखारने के लिए मेहनत नहीं कर रहे हैं, तो आप अपने सभी मौकों को बर्बाद कर रहे हैं। इसलिए स्टार किड्स को भी बने रहने के लिए मेहनत करनी पड़ती है। उन्हें कई मौके मिल सकते हैं, लेकिन अगर उनके काम में सुधार नहीं होगा, तो काम नहीं मिलेगा।



# एक जादूगर बन जादू दिखाएंगे विक्की कौशल!

विक्की कौशल इन दिनों अपनी हालिया फिल्म छावा की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। अब कथित तौर पर विक्की कौशल अपनी एक और नई फिल्म के साथ एक और धमाका करने के लिए तैयार हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्टर वायरल हो रहा है, जिसमें विक्की कौशल जादूगर की ड्रेस पहने नजर आए। पैपराजी पेज और यूजर द्वारा यह विक्की की नई फिल्म बताई जा रही है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पोस्टर में बताया गया है कि फिल्म का निर्देशन शूजित सरकार कर रहे हैं और यह राइजिंग सन प्रोडक्शन है। हालांकि, विक्की ने अपने इंस्टाग्राम पर इस फिल्म का पोस्टर साझा नहीं किया है। पोस्टर में विक्की को हरे रंग की ड्रेस में देखा गया, जो जादूगर की भूमिका में उनके किरदार की ओर इशारा करता है। हालांकि, अब इस फिल्म पर मेकर्स और विक्की की ओर से आधिकारिक एलान का इंतजार है।



# मेरा किरदार सिर्फ उसके रूप तक सीमित नहीं है

शेमारू उमंग पर प्रसारित जमुनीया शो अपने प्रसारण के बाद से ही दर्शकों का दिल छू रहा है और समाज में खूबसूरती, स्वीकृति और आंतरिक शक्ति को लेकर एक महत्वपूर्ण चर्चा छेड़ रहा है। यह कहानी जमुनीया नाम की एक लड़की की है, जो अपने सांवले रंग के कारण समाज की आलोचना का शिकार होती है। एक ऐसी दुनिया में जहाँ सुंदरता को अक्सर गोरेपन से जोड़ा जाता है, उसके लिए हर दिन एक नई चुनौती होता है। लेकिन, जमुनीया हार मानने वालों में से नहीं है, वह अपने आत्मविश्वास और साहस से इन भेदभावों का डटकर सामना करती है। शो के नाम और इसके गहरे अर्थ के बारे में बात करते हुए मुख्य अभिनेत्री आलेया घोष कहती हैं, जमुनीया, जामुन के फल की तरह ही कई गुणों से भरपूर है। जैसे जामुन सेहत के लिए लाभकारी होता है, वैसे ही मेरा किरदार जमुनीया सिर्फ अपनी बाहरी सुंदरता तक ही सीमित नहीं है। वह निडर है और हमेशा सच के लिए खड़ी होती है। मौजूदा कहानी में, उसने खुद को बखूबी साबित किया है और वह जानती है कि अपने हक के लिए कैसे लड़ना है। वह किसी को भी खुद पर अन्याय नहीं करने देगी और अपने पति की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगी, भले ही उसका पति और परिवार उसे उसके रूप के कारण स्वीकार न करें। लोग अक्सर रूप-रंग के आधार पर निर्णय लेते हैं, लेकिन असली सुंदरता साहस, विनम्रता और आत्मबल में होती है। अब समय आ गया है कि हम त्वचा के रंग से आगे बढ़ें और अपने अंदर के हीरो को पहचानें। जमुनीया का दुनिया का नज़रिया बदलने को लेकर उसकी संघर्ष से भरी यात्रा के ज़रिए, यह शो एक सशक्त संदेश देता है। सौंदर्य सिर्फ चेहरे की सुंदरता में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, संकल्प और सच्चे दिल में होता है।

# पहली फिल्म से मिला नेशनल क्रश का टैग, बॉलीवुड में भी चला श्रीवल्ली का जादू

भारतीय सिनेमा की चमकती सितारा रश्मिका मंदाना अपना जन्मदिन मना रही हैं। कर्नाटक के एक छोटे से शहर विराजपेट से निकलकर साउथ सिनेमा में अपनी पहचान बनाने वाली रश्मिका आज न सिर्फ दक्षिण भारत की सुपरस्टार हैं, बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी धमाकेदार मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं। उनके जन्मदिन के मौके पर आइए एक नजर डालते हैं उनके करियर के उस शानदार सफर पर, जहां साउथ से बॉलीवुड तक पहुंचते हुए उन्होंने छोटे-छोटे रोल्स को भी अपनी अदाकारी से बड़ा बना दिया और बड़े सितारों के साथ काम करते हुए देशभर में लोकप्रियता हासिल की।

रश्मिका ने अपने करियर की शुरुआत 2016 में कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी से की थी। यह फिल्म न सिर्फ उनकी डेब्यू फिल्म थी, बल्कि उनकी जिंदगी का एक अहम मोड़ भी बनी। इस फिल्म में उनके को-स्टार रक्षित शेट्टी के साथ उनकी ऑनस्क्रीन और ऑफस्क्रीन केमिस्ट्री ने सबका ध्यान खींचा। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों करीब आए और 3 जुलाई 2017 को रश्मिका के गृहनगर विराजपेट में एक निजी समारोह में दोनों ने सगाई कर ली। सितंबर 2018 में दोनों ने आपसी सहमति से सगाई तोड़ दी। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि रश्मिका का करियर पर फोकस करना भी इस टूटन की वजह बना। किरिक पार्टी की सफलता के बाद रश्मिका ने तेलुगु सिनेमा में कदम रखा। गीता गोविंदम (2018) में विजय देवरकोंडा के साथ उनकी जोड़ी हिट रही, जिसके बाद से ही दोनों के रिश्ते की अफवाहें शुरू हुईं, लेकिन असली धमाका तब हुआ, जब 2021 में पुष्पा- द राइज रिलीज हुई। अल्लू अर्जुन के साथ श्रीवल्ली का किरदार निभाकर रश्मिका ने पूरे देश का दिल जीत लिया। हाल ही में रिलीज हुई पुष्पा 2- द रूल ने तो 1600 करोड़ रुपये से ज्यादा का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कर उनकी लोकप्रियता को नई ऊंचाई दी। यह उनकी अब तक की सबसे बड़ी हिट फिल्म है।

## श्रीवल्ली बनकर मिली खास पहचान

रश्मिका के करियर में कई टर्निंग पॉइंट्स रहे, लेकिन पुष्पा में श्रीवल्ली का किरदार उनके लिए गेम-चेंजर साबित हुआ। इस रोल ने उन्हें साउथ की सीमाओं से निकालकर पूरे भारत में पहचान दिलाई। श्रीवल्ली की सादगी, डांस मूव्स और अल्लू अर्जुन के साथ उनकी जोड़ी ने दर्शकों को दीवाना बना दिया। फिल्म के गाने जैसे सामी सामी और श्रीवल्ली आज भी हर जुबान पर हैं। पुष्पा 2 में उनका किरदार और मजबूत हुआ, जिसने उन्हें पैन-इंडिया सुपरस्टार बना दिया। यह किरदार ही था, जिसने उन्हें नेशनल क्रश से लेकर बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस तक का सफर तय कराया।





# बॉलीवुड का बुरा दौर खत्म होगा नए फिल्ममेकर लाएंगे बदलाव

**तेलुगु एक्टर विजय देवरकोंडा ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की मौजूदा हालत पर खुलकर अपनी राय रखी है। जहां बॉलीवुड के बॉक्स ऑफिस नतीजे चिंता का विषय बने हुए हैं, वहीं साउथ सिनेमा का दबदबा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बहस के बीच विजय का मानना है कि यह सब एक चक्र का हिस्सा है और जल्द ही हिंदी सिनेमा भी नए जोश के साथ वापसी करेगा।**

## यह सिर्फ एक चक्र है

बातचीत में कहा, साउथ फिल्म इंडस्ट्री का अभी शानदार दौर चल रहा है। लेकिन यह सिर्फ एक चक्र है। एक समय था जब आप हमें जानते भी नहीं थे। एक समय था जब इंडियन सिनेमा ने जबरदस्त पहचान बनाई थी और इंटरनेशनल ऑडियंस तक पहुंचा था। अब यह साउथ सिनेमा का समय है। 5 या 10 साल बाद फिर कुछ नया बदलाव आएगा। हिंदी सिनेमा को नया दौर मिलेगा विजय का मानना है कि हिंदी सिनेमा जल्द ही एक नया दौर देखेगा, जहां नए फिल्ममेकर इसे आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा, इस बदलाव से नए फिल्ममेकर निकलकर आएंगे, जो हिंदी सिनेमा को फिर से मजबूत बनाएंगे। बहुत जल्द हिंदी सिनेमा को नए डायरेक्टर और कहानीकार मिलेंगे, जो शायद मुंबई से बाहर के होंगे। मेरा मानना है कि वे हिंदी भाषी इलाकों से आएंगे और बिल्कुल अलग तरह की फिल्में बनाएंगे। उनकी स्टोरीटेलिंग साउथ से भी अलग होगी।

## बाहुबली ने दी पहचान

विजय ने बाहुबली का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे एस. एस. राजामौली ने इस फिल्म के जरिए तेलुगु सिनेमा को ग्लोबल पहचान दिलाई। उन्होंने कहा, तेलुगु सिनेमा को बड़े ऑडियंस तक पहुंचने के लिए काफी स्ट्रगल करना पड़ा। जब एस. एस. राजामौली ने बाहुबली बनाई, तो उन्होंने ऐसे दो एक्टर्स पर भारी निवेश किया, जिन्हें हिंदी फिल्म इंडस्ट्री शायद जानती भी नहीं थी। अगर फिल्म न चलती, तो बहुत सारे करियर खत्म हो सकते थे। प्रोड्यूसर्स को बड़ा नुकसान होता और एक्टर्स ने 5 साल सिर्फ एक फिल्म के लिए दिए थे। यह सबके लिए बहुत बड़ा रिस्क था। लेकिन इस तरह की लड़ाई लड़नी पड़ती है। मुझे लगता है कि हिंदी सिनेमा भी अपनी राह ढूंढ लेगा। यह सब जिंदगी का हिस्सा है।

# कौन है ऋतिक का फेवरेट को-स्टार?

ऋतिक रोशन को जल्द ही स्पाई थ्रिलर वॉर 2 में देखा जाएगा। वॉर 2 इस साल 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है। फैंस इस सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान ऋतिक ने अपने वॉर 2 सह-कलाकार जूनियर एनटीआर की तारीफ की। जब उनसे पसंदीदा सह-कलाकार के बारे में पूछा गया तो ऋतिक ने जूनियर एनटीआर का नाम लिया, जिसके बाद फैंस ने जोरदार तालियां बजाईं। ऋतिक ने जूनियर एनटीआर को शानदार बताते हुए कहा कि वह एक बेहतरीन टीममेट हैं। वॉर 2 ऋतिक रोशन की 2019 की हिट फिल्म वॉर का सीक्वल है। यह यशराज फिल्म्स स्पाईवर्स का हिस्सा है, जो कई एक्शन फिल्मों को जोड़ता है।



# 'सन सिटी' जोधपुर



थार के प्रवेश द्वार राजस्थान की राजधानी जयपुर के बाद सर्वाधिक चहल-पहल वाला शहर है जोधपुर। यह शहर जयपुर के बाद राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा रेगिस्तान शहर है। अपनी अनूठी विशेषता के कारण इस शहर को दो उपनाम-'सन सिटी' और 'ब्लू सिटी' मिले हैं। 'सन सिटी' नाम जोधपुर के चमकीले धूप के मौसम के कारण दिया गया है, जबकि 'ब्लू सिटी' का नाम मेहरानगढ़ किले के आसपास स्थित नीले रंग के घरों के कारण दिया गया है। जोधपुर को 'थार के प्रवेश द्वार' के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि यह शहर थार रेगिस्तान की सीमा पर स्थित है। जोधपुर शहर को 1459 मे राजपूतों के राठौड़ राव जोधा ने स्थापित किया था। इससे पहले इस शहर को 'मारवाड़' नाम से जाना जाता था, किन्तु वर्तमान नाम शहर के संस्थापक राव जोधा के नाम पर है। इस किलेनुमा शहर को पत्थर की एक ऊंची दीवार संरक्षण प्रदान करती है। यह दीवार करीब 10 किलोमीटर लंबी है तथा विभिन्न दिशाओं में इसके 8 प्रवेश द्वार हैं। विशाल किले के अलावा अपने जमाने के खूबसूरत महलों, मंदिरों तथा उत्कृष्ट सं ग्रहालयों के कारण यह शहर पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। तो आइए, क्यों न चलें उन स्थलों की ओर-

**जसवंत थांडा :** मेहरानगढ़ किले के नजदीक सफेद संगमरमर की बनी महाराजा जसवंत सिंह की समाधि दर्शनीय है। इसका निर्माण 1899 में किया गया था। यहां के विभिन्न चित्रों और समाधियों में उस युग की शाही वंशावली सुरक्षित है। 4 समाधियां संगमरमर की बनी हैं।

**मेहरानगढ़ किला :** यह भव्य किला 120 मीटर ऊंची पहाड़ी पर बना हुआ है। सामरिक कारणों से 1459 में राव जोधा ने अपनी राजधानी मंडौर से यहां बदल ली थी। इस खूबसूरत किले के अंदर मोती महल, फूल महल और शीश महल आदि मौजूद हैं। ये सभी भवन शिल्पकला व भवननिर्माण कला के अद्भुत नमूने हैं। शाही परिवार की महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने वाली मेहराबदार खिड़कियां, आगे खूबसूरत डिजाइन में निकले छज्जे, बलुई पत्थर पर की गयी सुंदर व बारीक नक्काशी, पत्थर के खुदे हुए लुक आदि काबिलेतारीफ है। इस किले को देखकर मन रोमांचित हो जाता हैं। घूमते समय यहां की अद्भुत कलाएं मोहित कर लेती हैं।

**उमैद भवन :** इस उत्कृष्ट भवन का निर्माण महाराजा उमैद सिंह ने 1829-42 में करवाया था। उस समय इस खर्चीले भवन के निर्माण में 15 लाख रुपये खर्च हुए थे। यह अकालग्रस्त लोगों की सहायता के लिए महाराजा उमैद सिंह द्वारा किया गया एक सार्थक उपाय था। इसके 347 कमरों को बहुत ही सुरुचिपूर्ण ढंग से संवारा गया था। वर्तमान समय में महल का एक भाग कुछ भूतपूर्व शासकों का निवास स्थान है। वाकी भाग को एक बड़े होटल में परिवर्तित कर दिया गया है। महल के अंदर खूबसूरत जोधपुर उमैद भवन बाग भी है। महल के कुछ भाग ही पर्यटकों के लिए खुले हैं।

**कालियाना झील :** यह शहर से 11 किलोमीटर दूर जैसलमेर मार्ग पर कृत्रिम झील के किनारे का क्षेत्र एक खूबसूरत पिकनिक स्थल है। पर्यटक यहां से खूबसूरत सूर्यास्त का आनंद जरूर लेते हैं। यहां का दृश्य ऐसा प्रतीत होता है, जैसे आसमान के कैनवास पर किसी ने अनगिनत रोमांटिक रंग छिड़क दिए हों। यहां का खूबसूरत दिलकश नजारे को पर्यटक दिलों में बसा लेते हैं।

**बलसमंद लेक व पैलेस :** शहर से 7 किलोमीटर दूर यह एक मनोहारी पर्य टक स्थल है। जहां आम, अमरूद, पपीते के अलावा अन्य घने वृक्षों की खूबसूरती तो देखते बनती ही है, साथ में इन वृक्षों से आती ठंडी हवाएं पर्यटकों का मन मोह लेती हैं। यहां की कृत्रिम झील के किनारे शांत वातावरण में पर्यटक अद्भुत शांति महसूस करते हैं। इस झील का निर्माण 1159 में बालक राव परिहार ने किया था।

जोधपुर में कई मंदिर दर्शनीय हैं - महामंदिर मंदिर, रसिक बिहारी मंदिर, गणोश मंदिर, बाबा रामदेव मंदिर, संतोषी माता मंदिर, चामुंडा माता मंदिर और अचलनाथ शिवालय लोकप्रिय मंदिरों में हैं।

**मंडौर बाग :** शहर से 9 किलोमीटर दूर स्थित मंडौर मरवाड़ की पुरानी राजधानी रही है, जिसे सामरिक कारणों से बदलना पड़ा। आज भी इसके भग्नावशेष मौजूद हैं। अब यह खूबसूरत घने बागों के बीच स्थित पिकनिक स्थल बन गया है। यहां भी पर्यटकों को भरपूर सुकून मिलता है और आनंद की अनुभूति होती है।

### कब जाएं

इस क्षेत्र में वर्षभर गर्म और शुष्क जलवायु बनी रहती है। ग्रीष्मकाल, मानसून और सर्दियां यहां के प्रमुख मौसम हैं। इसलिए साल के किसी भी महीने में जोधपुर का कार्यक्रम बना सकते हैं। वैसे सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च तक है।

### कैसे जाएं

जोधपुर शहर का अपना हवाई अड्डा और रे लवे स्टेशन है। प्रमुख शहरों से उड़ानें और रेल सुविधाएं हैं। सड़क मार्ग से भी प्राय- सभी बड़े शहरों से पंहुच सकते हैं।





# गंगा के किनारे बसी बाबा विश्वनाथ की काशी



**लोक,** कला और पर्यटन के मामले में वाराणसी बेहद समृद्ध है। यहां देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। यहां गंगा के घाट सदियों पुराना इतिहास समेटे हुए हैं। भगवान शिव का प्रसिद्ध तीर्थस्थल होने के कारण भी यहां साल भर पर्यटक खिंचे चले आते हैं। यह शिव की काशी नगरी है। साक्षात् विराजमान हैं महादेव यहां। वाराणसी की यात्रा एक तरह से शिव से मुलाकात है। मन का मैल धोना हो, मन का बोझ उतारना हो था फिर चाहिए मुक्ति तो एक बार काशी चले आइए और गंगा तट पर स्नान कर महादेव से साक्षात्कार कीजिए।

ये काशी ही है जो पूरी दुनिया को बुलाती है- आओ मुझसे मिलो। यहां के घाट, मैरी चर्च, भारत कला म्यूजियम, राम नगर दुर्ग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय व नंदेश्वर कोढी दर्शनीय हैं। इन सबके अलावा यहां का काशी विश्वनाथ मंदिर विश्वविख्यात है। इसके अलावा तुलसी मनस मंदिर, भारत माता मंदिर और दुर्गा मंदिर बेहतरीन मंदिरों में से एक है।

वाराणसी के आसपास भी पर्यटक स्थल हैं, जहां आप भ्रमण कर सकते हैं जैसे चुनार, सारनाथ और जौनपुर। चंद्रप्रभा वाइल्ड लाइफ सैंक्च्युरी और कैमूर वाइल्ड लाइफ सैंक्च्युरी एडवेंचर प्रेमियों के लिए बेहतरीन टूरिस्ट स्पॉट हैं। वाराणसी में साल भर मेले और त्योहार पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं। इनमें से कुछ त्योहार प्रमुख माने जाते हैं जैसे कार्तिक पूर्णिमा, बुद्ध पूर्णिमा, गंगा महोत्सव, रामलीला, हनुमान जयंती, पंच कोशी परिक्रमा और महाशिवरात्रि।

वाराणसी के मंदिर श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण माने जाते हैं। यहां के मंदिर देखने दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। बनारस के ज्यादातर मंदिर पुराने शहर के रास्ते में हैं। सबसे मुख्य मंदिरों में काशी विश्वनाथ मंदिर हैं, जहां भगवान शिव स्वयं विराजमान हैं। पूरे साल यहां भगवान शिव के भक्तों का तांता लगा रहता है। इस मंदिर में शाम की आरती बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। इसे देखने श्रद्धालु उमड़ पड़ते हैं।

बनारस शहर की पवित्रता यहां की बहती नदी गंगा के साथ भी जुड़ी है। बनारस स्थित गंगा घाट पर पर्यटकों और वहां के स्थानीय लोगों की भीड़ लगी रहती हैं।

दश्वमेघ घाट, अस्सी घाट, बहना संगम, पंचगंगा और मणि कर्णिका, यहां के मुख्य घाटों में से हैं। इन घाटों के पीछे कई किवदंतियां हैं। सुबह इन घाटों पर लोगों की भीड़ रहती है, जो गंगा नदी में डुबकी लगाकर उगते सूरज की आराधना करते हैं।

वाराणसी से नजदीक हैं सारनाथ, जहां भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था प्रबोधन पाने के बाद। सम्राट अशोक ने बाद में यहां स्तूप भी बनवाया था। सारनाथ में कई सारे बौध स्मारक बने। बुद्ध पूर्णिमा का त्योहार यहां उत्साहपूर्वक मनाया जाता है।

वाराणसी आप कभी भी जा सकते हैं। दिल्ली से सीधी ट्रेन वाराणसी जाती है। कोलकाता राजधानी एक्सप्रेस, शिव गंगा एक्सप्रेस और काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से पर्यटक काशी पहुंच सकते हैं। यहां कभी भी घूमने जाया जा सकता है। मगर फरवरी से लेकर अप्रैल तक का समय अच्छा रहता है।



# घूमने बिहार जाएँ तो इन दस ठिकानों को न भूल जाएँ!

**पर्यटन** के हिसाब से बिहार समृद्ध है। यहां देखने के लिए बहुत कुछ हैं। बिहार के नाम विहारा से बनाया गया। मतलब भ्रमण करने की जगह। विश्व का पहला विश्वविद्यालय स्थापित करने का गौरव बिहार को ही हासिल है। विभिन्न धर्मों के स्मारक भी यही देखने को मिलते हैं। बिहार में ऐसी दस मुख्य जगह हैं, जहां आप घूम सकते हैं।

**नालंदा विश्वविद्यालय-** पांचवीं शताब्दी में बना यह विश्वविद्यालय विश्व का पहला रेसिडेंसियल यूनिवर्सिटी है। यहां ज्ञान की रोशनी सभी को अलोकित करती है। किसी समय लगभग 2000 शिक्षक देश-विदेश से आए दस हजार छात्रों को पढ़ाते थे। यहां बुद्ध ने भी एक शिक्षक की भूमिका निभाई। महान विद्वान और चीनी पर्यटक ह्वेन सेंग भी यहां के छात्र रहे थे। यह विश्वविद्यालय कुशान वास्तुकला का बेहतरीन नमूना हैं। बरसों बंद रहने के बाद आज यह विश्वविद्यालय आंशिक रूप से फिर से शुरू हो गया है।

**बोधि वृक्ष-** पटना से सौ किलोमीटर दूर गया में बोधि वृक्ष बौद्धों का महत्वपूर्ण तीर्थस्थल हैं। पूरे विश्व से बौद्ध समुदाय के लोग इस वृक्ष के सामने नतमस्तक होते हैं। कहते हैं भगवान बुद्ध की ज्ञान इसी वृक्ष के नीचे प्राप्त हुआ था। वृक्ष के पास ही महा बोधि मंदिर है, जो बौद्ध धर्म अपनाने वालों के लिए पवित्र स्थल हैं।

**मचालिंडा झील-** मचालिंडा झील के शेषनाग के नाम पर पड़ा है। दरअसल, सांपों के राजा मचालिंडा ने भगवान बुद्ध को इसी झील के पास उनके छठे हफ्ते के ध्यान के समय भयंकर आंधी और लहरों से बचाया था। इस वजह से यह जगह मचालिंडा के नाम से जाना जाता हैं। बोध गया में इस जगह के आस-पास की हरियाली इसे बेहतरीन पर्यटक स्थल बनाती हैं।

**गिद्धहकुटा पीक-** यह पीक वल्चर पीक के नाम से जाना जाता हैं। राजगीर स्थित यह पीक बिल्कुल एक गिद्ध की तरह हैं। महात्मा बुद्ध ने इस पीक पर अपने कुछ प्रसिद्ध उपदेश दिए थे और तब से यह बौधों के लिए पवित्र स्थल बन गया।

**राजगीर का गर्म कुंड-** राजगीर का हॉट स्प्रिंग्स पर्यटकों के लिए खास जगह हैं। वैभव पहाड़ियों के नीचे इस गर्म कुंड में नहाने के लिए दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। इस कुंड में पानी सप्तधारा से आता हैं। यह धारा सप्तपर्णी गुफा के पीछे से बहती हैं। कहते हैं यह कुंड अपने आप में औषधीय गुण समेटे हुए है। ब्रहमकुंड यहां का सबसे गर्म कुंड माना जाता है। इसका तापमान लगभग 450 डिग्री सेल्सियस होता हैं। कहा जाता है भगवान बुद्ध और महावीर ने भी इस कुंड में स्नान किया था।

**बक्सर फोर्ट-** गंगा नदी के तट के साथ बसे बक्सर के प्राचीन किले को 1054 में बनाया गया था। इस किले की बनावट बेहद उत्कृष्ट हैं। यह किला अंदर से भी बेहद आकर्षक हैं। अगर आप बक्सर जाएं तो इस किले का भ्रमण करना न भूलें। साथ ही यहां का गौरी शंकर मंदिर और नाथ बाबा मंदिर भी दर्शनीय है।

**नवलखा पैलेस-** मधुबनी जिले के राजनगर में इस पैलेस का निर्माण 17वीं शताब्दी में हुआ था। दरभंगा के महाराजा रामेश्वर सिंह ने इसका निर्माण कराया था। 1934 में आए भूकम्प के कारण इस पैलेस को काफी क्षति पहुंची थी। उसके बाद इसका निर्माण नहीं हो पाया। इसके अलावा कमला नदी के पास मां काली मंदिर और मां दुर्गा को समर्पित राजनगर पैलेस यहां का मुख्य पर्यटक स्थल हैं।

**हेन सैंग मेमोरियल हॉल-** प्रसिद्ध चीनी विद्वान ह्वेन सेंग की याद में बनाया गया यह हॉल अद्भुत शिल्पकला का उदाहरण हैं। कहते हैं उन्होंने भारत में अपने बारह साल यहीं गुजारे थे। आचार्य शील भ्रद की छत्रछाया में उन्होंने यहां योग सीखा।

**जलमंदिर-** झील के बीचोंबीच कमल के फूल से घिरा है। यह जलमंदिर। ऐसा कहा जाता है। भगवान महावीर के बड़े भाई राजा नंदीवर्धन ने इसे बनाया था। यह मंदिर विमान के आकार में है। 600 फीट लंबा पुल इस मंदिर को किनारे से जोड़ता हैं। इसी जगह भगवान महावीर ने महाप्रयाण किया था।

**पटना म्यूजिक-** 1917 में बना म्यूजिक पर्यटकों के लिए खास आकर्षण केंद्र हैं। राजपूत और मुगल वास्तुकला से समृद्ध इस म्यूजियम में पेटिंग्स, पौराणिक चीजें और अन्य प्रतिरूप रखे जाए हैं। यहां हिंदू और बौध धर्म की वस्तुओं का विशेष संग्रह हैं। 20 करोड़ साल पुराने पेड़ का अवशेष भी यहां रखा हैं।

संस्कृति के हिसाब से बिहार में देखने के लिए बहुत कुछ हैं। इन पर्यटन स्थलों को देखने के लिए आप भी रेलमार्ग या वायुमार्ग से यहां आ सकते हैं।

## फुलेरा में धूल भरी आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** गुरुवार दोपहर अचानक चली तेज धूल भरी आंधी ने फुलेरा कस्बे का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। करीब आधे घंटे तक चली इस आंधी के दौरान धूल का गुबार छा गया, जिससे पूरे क्षेत्र में दृश्यता बेहद कम हो गई। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई और लोग खुद को सुरक्षित स्थानों पर ले जाते नजर आए। तेज़ हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियाँ टूटकर सड़कों पर गिर गईं, जिससे यातायात बाधित हुआ। साथ ही, जगह-जगह पुलिस बैरिकेड भी आंधी की चपेट में आकर गिर गए। कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी बाधित रही, जिससे लोगों को गर्मी और असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थानीय शैलेंद्र शर्मा ने बताया, "तेज़ आंधी इतनी अचानक आई कि लोग संभल भी नहीं पाए। दुकानों के सामने रखा सामान उड़ गया और धूल से आंखें खोलना मुश्किल हो गया।"

## भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा का जयपुर दौरा संपन्न



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजाखेड़ा से भाजपा प्रत्याशी रहीं वरिष्ठ नेत्री नीरजा अशोक शर्मा का तीन दिवसीय जयपुर दौरा शुक्रवार को संपन्न हो गया। जयपुर दौरे के दौरान भाजपा नेत्री ने सत्ता और संगठन से जुड़े बड़े नेताओं के साथ साथ टॉप ब्यूरोक्रेट्स से भी मुलाकात की। भाजपा नेत्री के प्रवक्ता दिलीप पाराशर ने बताया कि महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ की मुलाकात उल्लेखनीय रहीं, मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में की गई बजट घोषणाओं एवं उनकी त्वरित क्रियान्विति के लिए भाजपा नेत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को विशेष आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया,जिस पर मुख्यमंत्री शर्मा ने भविष्य में भी राजाखेड़ा को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए की जाने वाली मांगों पर प्राथमिकता से विचार कर पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा भाजपा नेत्री नीरजा ने पंचायती राज विभाग,स्कूली शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा विभाग के मंत्री मदन दिलावर,पशुपालन गोपालन एवं देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत,राजस्व मंत्री हेमंत मीणा,मुख्य सचिव सुधांश पंत,मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल,अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग गायत्री राठौड़,मुख्यमंत्री के विशिष्ट सचिव सिद्धार्थ सिहाग एवं विशेषाधिकारी पीसी शर्मा से भी धौलपुर के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर मुलाकात कर चर्चा की।

## चादरपोशी कार्यक्रम को लेकर बैठक का हुआ आयोजन, आमंत्रित पत्र बांटे

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती बागावास अहिरान के बिहारी जी मंदिर परिसर में शुक्रवार को महाराज श्री श्री 1008 ओमकार दास जी के सानिध्य में चादरपोशी कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान नीलक धाम संत महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज , मोहनदास जी महाराज के सानिध्य में 7 मई को ब्रह्मलीन महंत रामधन दास महाराज की चादरपोशी कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में ग्रामीणों ने कार्यक्रम को लेकर अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किया।वहीं महाराज रामदास ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 अप्रैल को नीलका धाम परिसर में विशाल मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर प्रसाद यादव,पूर्व सरपंच भागीरथमल यादव, छीतरमल यादव,मामराज मीना,गिरधारी सिंह शेखावत, दातार सिंह शेखावत ,नंदसिंह शेखावत,बाबूलाल जांगिड़, डॉ लक्ष्मण यादव,बृजमोहन यादव मेडिकल, महावीर शेखावत, राजेश गर्ग, कैलाश ठुकरान ,जय नारायण पटेल ,चौथमल यादव ,कैलाश गौतम, सुभाष गौड़ ,लक्ष्मीनारायण टांक सहित आनेको लोग मौजूद रहे।


### आम सूचना

सर्वसाधारण समस्त आम व खास को मेरे मुव्वकिल जगदीश प्रसाद पुत्र लक्ष्मीनारायण जाति मेहश्वरी पेड़िवाल निवासी वार्ड 49 कस्बा सरदारशहर जिला चूरु राजस्थान कि हिदायतनुसार सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के स्वामित्व की भूमि 3750 दर्ज भूमि वार्ड नंबर 47 मोहल्ला मोची वाडा(व्यायाम शाला के पीछे) सरदारशहर में स्थित है। मेरे मुव्वकिल द्वारा उक्त सम्पूर्ण भूमि के पट्टे बाबत नगरपरिषद सरदारशहर में उक्त भूमि के पट्टे बाबत आवेदन किया है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के सम्बन्ध में किसी को भी उजर आपत्ति हो तो 15 दिवस में मय दस्तावेज आपत्ति नगरपरिषद में प्रस्तुत करें।

**अमरचंद सिद्ध एडवोकेट**


## मुख्य सचिव ने जिला स्तरीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

# गर्मी के मौसम में पेयजल और बिजली की सप्लाई सुचारू रखने के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** राज्य व केन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सुशासन के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रगति समीक्षा बैठक शुक्रवार को मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में सवाई माधोपुर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान मुख्य सचिव ने सवाईमाधोपुर, करौली जिलों के कलक्टर-एसपी के साथ ही जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं व कार्यों की प्रगति रिपोर्ट तथा कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की प्राथमिकता पारदर्शी और जवाबदेही शासन व प्रशासन व्यवस्था है। अधिकारी जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन के सर्वांगीण उत्थान के साथ विकसित राजस्थान के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने हर विभाग द्वारा अपनी भूमिका को अच्छे ढंग से निभाते हुए आमजन की समस्याओं का तत्काल निस्तारण कर गुड गवर्नेंस का संदेश देने की बात कहीं, ताकि उन्हें महसूस हो कि सरकार और प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ है और राहत देने के लिए तत्पर है। उन्होंने जिले में दर्ज एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पुलिस के स्तर पर प्रकरणों की समय पर जांच कर चार्जशीट दायर करने के निर्देश दिए। साथ ही साइबर क्राइम , मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए की गई कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों को त्वरित न्याय दिलाना है बैठक में उन्होंने महिला उत्पीड़न से जुड़े प्रकरणों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना सरकार का ध्येय है। इसमें किसी प्रकार का समझौता नहीं करते हुए महिला अत्याचार के प्रकरणों को तुरंत दर्ज कर परिवादियों को सुरक्षा प्रदान करने निर्देश दिए। बैठक में सड़क हादसो की समीक्षा करते हुए पुलिस-प्रशासन, परिवहन, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा पीडब्ल्यूडी को आपसी समन्वय से काम कर सड़क हादसों में कमी लाने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए।

### ई-फाइलिंग डिस्पोजल टाइमिंग में लायें सुधार

मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों के द्वारा ई-फाइलिंग डिस्पोजल प्रोग्रेस व औसत टाइमिंग की जानकारी लेते हुए ई-फाइलिंग को गंभीरता से लेते हुए सभी विभागों में शत-प्रतिशत ई-फाइलिंग लागूं कर न्यूनतम समय में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आई गॉट मिशन कर्मयोगी में कार्मिकों के रजिस्ट्रेशन के साथ ही प्रशिक्षण भी सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी दिनों में गर्मी एवं हीटवेव का प्रभाव बढ़ेगा। इसे लेकर अधिकारी अभी से मुस्तैद रहें। उन्होंने कहा कि पानी के लिहाज से अगले ढाई महीने काफी क्रिटिकल है। कहीं पर भी मिस मैनेजमेंट के चलते पेयजल व बिजली की किल्लत की स्थिति नहीं रहनी चाहिए। चिकित्सा संस्थानों में भी जरूरी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाए।

### औचक निरीक्षण पर हो फोकस

मुख्य सचिव ने औचक निरीक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की भी मंशा है कि अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार के कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कामकाज की समीक्षा करते रहें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने अधीनस्थ विभागों व कार्यालयों का लगातार आकस्मिक निरीक्षण करने तथा उसकी रिपोर्ट मुख्यालय प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने राइजिंग राजस्थान के तहत जिले में हुए एमओयू के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। उन्होंने इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए काम करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को रोजगार के अवसर सुलभ हो सकें। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यों में लंबित विद्युत कनेक्शन प्राथमिकता से पूर्ण कराने , बकाया कृषि कनेक्शनों को जल्द पूरा कराने, बजट घोषणाओं के कार्यों के लिए अपेक्षित भूमि आवंटन कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण करने, जल जीवन मिशन के कार्यों को टाइमलाइन के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की क्रियान्विति की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्डों का शत प्रतिशत वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के कार्य शीघ्र पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की चिकित्सा सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की और हीट वेव के दौरान विशेष सतर्कता बरतते हुए कारगर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के कार्य बरसात के मौसम से पहले पूर्ण कराने तथा 'हरियालो राजस्थान' और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में पौधे लगाने की तैयारी शुरु करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, पुलिस अधीक्षक करौली बृजेन्द्र उपाध्याय, अतिरिक्त जिला कलक्टर सवाई माधोपुर संजय शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर करौली हेमराज परेड बाल, एडीएम गंगापुर राम किशोर मीणा, उप वन संरक्षक रामानंद भाकर, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, समस्त उपखण्ड अधिकारी, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग भगवान सहाय मीना, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बीएल मीना सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर अनेक आयोजन आज, कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** शहर के पास ग्राम पंचायत जिलीया में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में बालाजी महाराज के मंदिरों में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किए जा रहे है। वहीं उतरी बास मालियों की ढाणी के वीर हनुमान बालाजी महाराज व माताजी महाराज मंदिर में गुरुवार को रामायण पाठ का आयोजन हुआ। शुक्रवार प्रात 9.15 बजे रामलक्ष्मण जी की बगीची से 251 महिलाओं व युवतियों ने माटी का कलश पर नारियल धारण किया । इस दौरान शिवभगवान शर्मा, रामजी शर्मा, अशोक शर्मा, पुसालाल सेनी, सांवरमल सेनी, बी एल सेनी, रामपाल सेनी, किशन सिंह, राहुल जैन, नानूराम कुमावत,मोनू जैन, पारस जैन द्वारा बालिका से विधि विधान पूर्वक तिलक करवाकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा गाजे बाजे के साथ गुजरते हुए भागीरथ कॉलोनी, सदर बाजार, कुचामन रोड़, कुमावत, मेघवाल कॉलोनी, ब्राह्मण बस्ती, पणिहार , नायक, गुर्जर कॉलोनी से गुजरकर वीर हनुमान बालाजी व माताजी मंदिर पहुंची । जगह जगह जलपान करवाया गया और पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। यात्रा में ग्राम सहित आसपास की ढाणियों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब शामिल हुआ। मंदिर परिसर पहुंचने पर सांवरमल, सीताराम, कमला देवी द्वारा कलश मंत्रोच्चार जाप व आरती करके (नाश्ता) जलपान की व्यवस्था की गई। बीएल सेनी ने बताया कि तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ, रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर बालाजी महाराज का श्रृंगार, अभिषेक, प्रात 9.15 बजे से हवन महाआरती व प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इधर तीन दिवसीय दिन रात्रि संकट मोचन तिबारी बालाजी मेला परवान पर चल रहा है। अलग अलग प्रकार के मेले में नाव , चकरी झूले, खिलौनों की अतिसुंदर दुकानें सजी है। जानकारी के अनुसार मेला समिति अध्यक्ष कैलाश चन्द बागड़ी ने बताया कि दिन में संगीतमय सुंदरकांड पाठ व शाम को नयनाभिराम झांकियां सजाई गई । शनिवार को बालाजी श्रृंगार व प्रात 9.15 बजे से पांच जोड़ों द्वारा हवन में आहुतियां दी जाएगी शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा।

## श्री ठेलाणा धाम में सुन्दरकाण्ड पाठ व भजन संध्या आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव चूड़ी अजीतगढ़ में स्थित प्राचीन श्री ठेलाणा धाम बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में सामुहिक श्रीसुन्दरकाण्ड पाठ व भव्य भजन संध्या का आयोजन शाम सवा 7 बजे से शुरू होगा। भागवत प्रचार सेवा समिति के अध्यक्ष पं. अनिल मुरारी शर्मा ने बताया कि सुन्दरकाण्ड पाठ पं. गौतम मिश्रा, मुकेश मोहन शास्त्री के सानिध्य में पं.चेतन पाराशर, अमित शर्मा राणासर, पं. बनारसीलाल की ओर से किया जाएगा। इस अवसर पर हनुमानजी की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार भी किया जाएगा व महाप्रसाद भी वितरण किया जाएगा

## स्लीपर बस ने बाइक सवार 2 लोगों को मारी टक्कर,1 जने की हुई मौत ,मौके से बस चालक बस लेकर हुआ फरार

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती लाडाकाबस के दिल्ली से जयपुर जाने वाली सड़क मार्ग पर भारत पेट्रोल पंप के सामने शुक्रवार को अल सुबह करीब 5.00 बजे स्लीपर बस ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे कि आगरा निवासी हरिया व धनीराम घायल हो गए वहीं मौके पर स्थानीय लोगों के भीड़ जमा हुई। जहां प्रागपुरा थाना पुलिस को सूचना दी गई। जब तक पुलिस पहुंची तब तक ग्रामीणों ने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से हॉस्पिटल भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार बस ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया। वही मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग घायल हो गए जिनमें हरिया गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बस चालक मौके से बस लेकर फरार हो गया। घटना के बाद करीब 1 किलोमीटर तक जाम भी लगा।इस दौरान एंबुलेंस की सहायता से घायल को पावटा के उप जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहा चिकित्सकों ने आगरा निवासी हरिया (50 वर्ष) पुत्र नारायण को मृत् घोषित कर दिया तथा बाइक पर सवार दूसरे व्यक्ति धनीलाल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं मृतक का पुलिस की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया।बाइक पर सवार लोग आगरा से खाटू श्याम दर्शन करने जा रहे थे।

## झीडा के बालाजी महाराज के वार्षिक मेला आज



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती बजरंगपुरा स्थित झीडा के बालाजी महाराज के वार्षिक मेले का आयोजन शनिवार को होगा। वहीं पुजारी बालाजी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले आयोजन के अंतर्गत आसपास सहीत दूर दराज के लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे। जहां अल सुबह से ही श्रद्धालुओं के द्वारा बाबा के निशान चढ़ाई जाकर अमन चैन की कामना की जाएगी। वहीं डफ धमाल सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। वही महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्षिक मेले के अवसर पर बालाजी महाराज की भव्य झांकी सजाई जाकर विशेष पूजा का आयोजन होगा। हर वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को हनुमान जी महाराज का जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन होता है।उसी को लेकर भव्य मेले का आयोजन होगा। जिसमें बड़ी संख्या में साधु संत भी हिस्सा लेंगे।वहीं कुश्ती दंगल कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत पहलवान अपना दमखम दिखाएंगे।मेले आयोजन के अंतर्गत स्थानीय क्षेत्र सहित पूरे देश भर से लोग बाबा के आस्था प्रकट करने के लिए पहुंचते हैं।

# बाबा साहब की जयंती पर निकलेगी रैली

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** डॉ बी.आर.अंबेडकर सेवा समिति की सुरजाराम डाबरिया की अध्यक्षता व भीम आर्मी संयोजक शशिकांत तेजस्वी के संयोजन में दुलिया बास स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर भवन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भीम आर्मी व डॉ. बी. आर. अंबेडकर सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में 14 अप्रेल को भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न, बोधिसत्व, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर साहब की जयंती पर विशाल महारैली निकाले जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सुजानगढ़ शहर के विभिन्न वार्डों में अलग-अलग टीमें बनाकर उनको जिम्मेदारियां सौंपी गई। सुरजाराम डाबरिया ने बताया कि भीमराव अंबेडकर साहब की जयंती पर केन्द्रीय बस स्टैण्ड से विशाल महारैली के रूप में सुबह आठ बजे रवाना होगी, जो अशोक स्तंभ सर्कल होते हुए रेलवे स्टेशन पुराने बस स्टैंड पीसीबी स्कूल, सरकारी अस्पताल होकर घंटाघर गांधी चौक, लाडनूं पुलिया होकर कोर्ट चौराहा नगर परिषद के आगे से होते हुए गांधी चौक में समापन होगा। इस अवसर बैठक में सर्व समाज संघ के संयोजक एड. तिलोक मेघवाल एडवोकेट, पुरूषोतम लाल चौहान, धर्मसिंह मीणा, हनुमान मेघवाल, गणेश मंडावरिया, दीपाराम सांडेला ने आयोजन के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान भीम आर्मी व डॉ बी.आर.अंबेडकर सेवा समिति के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
12 अप्रेल, 2025

# सामाजिक समरसता के वाहक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई, उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान


नीमकाथाना/पाटन


मण्डावा।


मण्डावा।


उदयपुरवाटी।


सरदारशहर


दूदू


फुलेरा


चाकसू


सुजानगढ़


लक्ष्मणगढ़


चूरू।


रतनगढ़

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन,** महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर शुक्रवार को सैनी धर्मशाला पाटन में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। महात्मा ज्योतिबा फूले की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्लवन कर समारोह शुरू किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधीत करते हुए सैनी समाज के अध्यक्ष बाबूलाल सैनी ने शिक्षा के माध्यम समाज सुधार के लिए फूले दंम्पति की ओर से किए गए कार्यों को याद किया। वहीं सैनी समाज समिति के पूर्व महासचिव शंकर सैनी की ओर से समाज के युवाओं को महात्मा फूले और माता सावित्री बाई के आदर्शों को आत्मसात कर शिक्षा से सफल होकर समाज की सेवा करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम को सावित्रीबाई फुले महिला संस्थान पाटन की अध्यक्षा निशा सैनी, उपाध्यक्ष सुशीला सैनी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में कैलाश सैनी, मनोज सैनी, प्रकाश सैनी, जीतू सैनी, महेश सैनी, मां सावित्रीबाई फुले महिला संस्थान पाटन की सचिव ललिता सैनी, कोषाध्यक्ष सरोज सैनी, कमला देवी, अनीता सैनी, मनीषा सैनी समेत कई लोग मौजूद रहे।

**मण्डावा।** फतेहपुर मार्ग स्थित सैनी समाज के बालाजी मन्दिर प्रांगण में सैनी समाज संस्थान की ओर से समाज सुधारक, नारी शिक्षा के अग्रदूत, विचारक, महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती शुक्रवार को सैनी समाज मंडावा के अध्यक्ष जगदीश मारोठिया की अध्यक्षता में मनाई गई। समारोह की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित से की गई। इस मौके पर पार्षद एड़वोकेट राज कुमार सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन गरीबों, महिलाओं, दलितों व पिछड़े वर्ग के उत्थान में समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों का सदैव पूरी ताकत से विरोध किया। लड़कियों की शिक्षा की कल्पना उस दौर में असंभव मानी जाती थी लेकिन ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर तमाम चुनौतियों के बावजूद इसे संभव बनाया। ज्योतिराव फुले ने दलितों और वंचितों को न्याय दिलाने के लिए सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी। समाज सुधार के इन अथक प्रयासों के चलते 1888 में मुंबई की एक विशाल सभा में उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई। कार्यक्रम में सैनी समाज मंडावा के सचिव महेंद्र बालाण,भाजपा मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, सज्जनलाल सैनी, ओमप्रकाश मिटावा, रिघकरण मारोठिया, माडूराम, बाबूलाल सैनी, पवन चुनवाल, सत्यनारायण तंवर राकेश तंवर बाबूलाल बालाण, संवर माल चोपदार आदि मौजूद रहे।

**मण्डावा।** नगर पालिका के पीछे शुक्रवार को पूर्व पालिकाध्यक्ष राधेश्याम सैनी की अध्यक्षता में महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती मनाई गई। इस दौरान उनकी प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए गए। वक्ताओं ने उनके पदचिन्हों चलने का आव्हान किया। उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि की गई। उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पूर्व पालिका उपाध्यक्ष छोटेलाल सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले सामाजिक समरसता के वाहक, वंचित, शोषित व महिला सशक्तिकरण के अग्रदूत, महान विचारक रहे।उन्होंने समाज को शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण काम किया है। मास्टर अजय कुमार सैनी ने कहा कि महात्मा फुले ने अपने समय में बहुत सी कठिनाइयों का सामना किया है। कुछ लोग उनका मजाक उड़ाते थे, लेकिन वे अपने लक्ष्य पर डटे रहे और शिक्षित बने। उन्होंने कहा कि लड़कियों की शिक्षा की कल्पना उस दौर में असंभव मानी जाती थी, लेकिन ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर तमाम चुनौतियों के बावजूद इसे संभव बनाया। वे अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर महिलाओं का शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए लड़े। जातिगत भेदभाव व छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, नारी शिक्षा, वंचितों के उन्नयन और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए उनकी ओर से किया गया अविस्मरणीय संघर्ष समूची मानवता के लिए मार्गदर्शक है। ज्योतिबा फूले का जीवन और उनके विचार व महान कार्य आज भी लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने हुए हैं। कार्यक्रम में पार्षद मोहम्मद इब्राहिम, महेश जोशी, सीताराम सैनी, दीपक खाण्डल, श्रवणकुमार इन्दोरिया, विनोद सैनी, भामाशाह गोपाल केड़िया, संजय सैनी, मनीष बलाण, रितेश कुमार, प्रमोद राकसिया, नरेश सैनी, अनुराग वर्मा, दिनेश सैनी, मंदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

**उदयपुरवाटी।** एसएफआई कार्यालय में एसएफआई तहसील कमेटी के सौजन्य से ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई और उनके महान योगदान के बारे में बताया गया। कार्यकर्ताओ ने ज्योतिबा फुले के महिलाओं के उद्धारक, महिला शिक्षा के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले, जाति व्यवस्था के घोर विरोधी जाति व्यवस्था पर चोट करने वाले, सत्यशोधक समाज पुरोधा, बाबा साहेब डॉ अंबेडकर के राजनीतिक गुरु क्ांतिसुर्य ज्योतिराव फुले की 198 वीं जयंती मनाई। इस मौके पर एसएफआई के महासचिव शिवा वर्मा, डीवाईएफआई के महासचिव कैलाश तंवर, समीर अली, सुनील गुर्जर, कृष्ण सैनी, सुनील, शाहरुख प्रधान आदि मौजूद रहे।

**सरदारशहर।** शहर के शाकम्भरी विद्यापीठ परिवार की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उनके आदर्शों को अपनाने व आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। विद्यापीठ में आयोजित कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर फुले को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आलोक सिंह ने कहा कि महान समाज सुधारक महिला शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले व सामाजिक समरसता के ध्वजवाहक ज्योतिबा फुले के विचार, कार्य आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी ज्योतिबा फुले के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों के बारे में बताते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को इतिहास के सुनहरे पन्नों की धरोहर व वर्तमान विकसित भारत की मजबूत नींव बताया। इस अवसर पर सुनील भोजक, दीपक सेन, मीनाक्षी डीडवानिया, वंदना वर्मा, रेणु मिश्रा, सोनू शर्मा, खुशबू पांडिया, दिव्या सोनी, गीतिका स्वामी, मोनिका सैनी, सरोज प्रजापति, मुन्नी देवी, संदीप दर्जी, रायचंद, ओम प्रकाश सुथार, प्रेमप्रकाश नाई, अनिल कुमार, अयूब खान, दीपक सेन आदि उपस्थित रहे।

**दूदू(निसं)।** कस्बे में माली-सैनी समाज मंदिर में महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती मनाई गई।महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले माली-सैनी सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान दूदू के प्रवक्ता अधिवक्ता कन्हैयालाल सैनी ने बताया कि कार्यक्रम सत्यनारायण सैनी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि ताराचंद गहलोत, विशिष्ट अतिथि राजकुमार मालाकार एवं अंकुर गहलोत के आतिथ्य में हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में गहलोत ने बताया की महात्मा ज्योतिबा फुले महान समाज सुधारक की जन्म जयंती पूरे भारतवर्ष में मनाई जा रही है। इनका जीवन पिछड़े, दलित पिछड़ों, वंचितों, शोषित समाज के लिए समर्पित रहा। इन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के सभी वर्गों का कल्याण हो ऐसा कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में हनुमान दूध वाला, अरविंद भाटी, हरिराम मावर,विजय सैनी हीरालाल सैनी, रामावतार सैनी सहित समाज संस्थान पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**फुलेरा** कस्बे में शुक्रवार को सामाजिक एवं शैक्षणिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। श्रीराम नगर स्थित माली सैनी समाज भवन में आयोजित समारोह की अध्यक्षता माली समाज संस्थान फुलेरा के अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने की। समारोह की शुरुआत महात्मा फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात वक्ताओं ने उनके जीवन और समाज सुधार में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने कहा, "महात्मा फुले ने विषम परिस्थितियों में समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है और हमें उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए।" समारोह में मौजूद प्रबुद्धजनों और समाजजनों ने "महात्मा फुले अमर रहें" के उद्घोष के साथ केंद्र सरकार से फुले दंपति को भारत रत्न देने की मांग भी की। कार्यक्रम में पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, पार्षद अमरचंद सैनी, सावित्रीबाई फुले महिला मंच की अध्यक्ष अंजू सैनी, पूजा भाटी,दीपेश सैनी सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्तियां मौजूद रही ।

**चाकसू** चाकसू कस्बे में शुक्रवार को माली सैनी समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले की 198वीं जयंती के अवसर पर गाजे बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान के अध्यक्ष ग्यारसी लाल सैनी बरखेड़ा ने अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शोभायात्रा मनोहरा तालाब स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले सेवा संस्थान से प्रारंभ होकर उपजिला अस्पताल, गोदामों से होकर मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, फागी रोड, ज्योतिबा फुले सर्किल होते हुए वापस संस्थान पहुंची। इस दौरान कई समाजों, स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा एवं शरबत की व्यवस्था की गई। संस्थान के सचिव हनुमान सिंह सैनी ने बताया कि शोभायात्रा के बाद संस्थान पर समाज के कक्षा 10 एवं 12 में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली 20 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच लक्ष्मी नारायण सैनी कोटखावदा, राकेश सैनी, बद्री नारायण सैनी, तनीषा सैनी, कृष्णा सैनी सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में चाकसू विधानसभा के कई गांवों के समाज बंधुओं ने हिस्सा लिया।

**सुजानगढ़** स्थानीय काली माता मंदिर के पीछे स्थित द वी.एस. कॉन्सेप्ट में महात्मा ज्योतिबा फूले की जयन्ति मनाई गई। बालचंद बागड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एड. बुद्धिप्रकाश प्रजापत, कैलाश शर्मा, आदूराम टाक, अजीत टाक, सीताराम टाक मंचासीन रहे। अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फूले की तस्वीर पर पुष्पहार पहना कर व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सूर्य भगवान मंदिर माली समाज के अध्यक्ष विक्रम सिंह चोबदार, एड. बुद्धिप्रकाश प्रजापत, एड. मधु चोबदार, आदूराम टाक ने महात्मा ज्योतिबा फूले के समाज सुधारों व दलित उत्थान तथा महिला शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कार्यों का याद करते हुए उन्हें सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया है। इस दौरान गोपाल बागड़ा, दीपक बागड़ा, भगवती देवी बागड़ा, सरोज देवी चोबदार, सरोज देवी टाक, आदित्य, ऋषि, अमन, चंदन, भरत, आयुष, सनी, कृष्णा, मोंटी, रोहन, माधव, तनिष्क, धृति, नैना, शौर्य, शिवशंकर, नीतिन, कीर्ति सहित उपस्थित लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फूले को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन विकास चोबदार ने किया। इसी प्रकार परमानन्द त्रिलोकचंद महाविद्यालय में भी महात्मा ज्योतिबा फूले जयन्ति मनाई गई। महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान के अध्यक्ष बाबूलाल कारोडिया, संरक्षक डॉ. कन्हैयालाल मारोठिया, महासचिव सोहनलाल टाक, महेश तंवर, जयचंद्र टाक, उपसभापति अमित मारोठिया, अविनाश मारोठिया, मुकेश सांखला ने महात्मा ज्योतिबा फूले व सावित्री बाई फूले की तस्वीर पर माला पहना कर श्रद्धांजलि दी। संस्थान अध्यक्ष बाबूलाल कारोडिया ने बताया कि 13 अप्रेल को तीन नंबर रेलवे फाटक के पास स्थित बालाजी मंदिर बगीची में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

**लक्ष्मणगढ़** समाजसेवी भामाशाह चूरू हाल जयपुर निवासी जगदीश प्रसाद तंवर व समाजसेवी भामाशाह मंडावा हाल जयपुर निवासी बनवारी लाल इंदौरिया ने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास में एक एक कमरे के निर्माण के लिए 3-3 लाख नकद भेंट किए। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया के नेतृत्व में भामाशाह समाजसेवी तंवर व इंदौरिया का मोतियों की माला, छात्रावास का दुपट्टा व प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इससे पहले भामाशाह समाजसेवी बनवारी इंदौरिया के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास का अवलोकन किया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने छात्रावास में संचालित निःशुल्क लाइब्रेरी, छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों की व्यवस्था, निर्माणकार्य व योजना से रुबरु हुए प्रतिनिधि मंडल में समाजसेवी भामाशाह बिसाऊ हाल जयपुर निवासी सोहनलाल तंवर हरिराम तंवर, सोफ्टवेयर इंजीनियर सुमित तंवर अमेरिका साथ थे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया, संयोजक सज्जन कुमार बबेरवाल, फाइनेंस कंसल्टेंट झाबरमल सिंगोदिया, प्रवक्ता मनोज राकसिया, बाबूलाल सैनी सहित समिति के पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे। समिति के पदाधिकारी सदस्यों ने भामाशाह समाजसेवी तंवर व इंदौरिया की ओर से छात्रावास में एक एक कमरे के निर्माण के लिए 3-3 लाख रुपए भेंट किए जाने पर धन्यवाद व्यक्त करते हुए आभार व्यक्त किया है।

**चूरू।** स्थानीय पंखा सर्किल स्थित श्री देवीदास हनुमान बगीची संस्था (सैनी छात्रावास) में महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिला ओ.बी.सी. वेलफेयर सोसायटी चूरू व आदर्श छात्रावास समिति चूरू के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति ने की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने ज्योतिबा फूले व सावित्री बाई फूले के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। ज्योतिबा फुले को पिछड़े व दलित समाज का समाज सुधारक बताया। उन्होंने सभी को मानसिक गुलामी से मुक्त होने व उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। एडवोकेट रामेष्वर रामसरा ने पिछड़े, दलित व वंचित वर्ग की एकता पर बल देते हुए कहा कि पिछड़े व दलित जातियों को एकजुट होकर वर्तमान सामाजिक व्यवस्था को उखाड़ फेंकना है। इस दौरान उन्होंने आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंति संयुक्त रुप से आदर्श छात्रावास में मनाने की अपिल की। आदर्श छात्रावास समिति के अध्यक्ष मोहनलाल आर्य ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती सुबह 11 बजे ओ.बी.सी. वेलफेयर सोसाईटी के साथ मनाई जाएगी। आर्य ने पिछड़े, अनुसुचित, दलित व वंचित समाज की एकला पर बल दिया। इस अवसर पर गिरधारी लाल तंवर, राधेश्याम स्वामी, सोहन मेघवाल, ओमप्रकाश तंवर, सत्यनारायण सैनी, हरिकिशन जांगिड़, विनोद पापटाण, शीशराम माहिच, आनंद बालाण, रिछपाल सिंह चारण, चानणमल सैनी, मुन्नीराम शीला, ओंकारमल सैनी, जयचंद मेघवाल, नरेंद्र सैनी, भंवर सिंह परिहार, सवाई दान चारण, डुंगरमल तंवर, अर्जुन प्रजापत, महावीर स्वामी, गिरधारी सैनी, बैजुराम जांगिड, विद्याधर मेघवाल, कन्हैयालाल प्रजापत आदि वक्ताओ ने ज्योतिबा फूले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को जाति-विहिन समाज की रचना के सपने को साकार करने वाला, देश में सामाजिक एकता, अखंडता, समानता और भाईचारे को बढ़ाने वाला बताया। कार्यक्रम में अन्य पिछडा वर्ग, अनुसूचित जाति, दलित व वंचित सहित बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रमोहन सैनी ने किया।

**रतनगढ़** शिक्षा ही वो मूलमंत्र है जिससे किसी भी वर्ग का उत्थान सम्भव है यह विचार सैनी समाज संरक्षक मदनलाल कम्मा ने शुक्रवार को स्थानीय श्री हनुमान पार्क के पास स्थित सैनी समाज अतिथि भवन में सैनी समाज की ओर से आयोजित महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वें जयंती समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए। सत्यसोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुए जयंती समारोह उपखंड अधिकारी राम कुमार वर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज सुधार की दिशा में शिक्षा को अतिमहत्वपूर्ण स्थान मानते हुए बालिका शिक्षा को पर जोर दिया। इसलिए हमें भी शिक्षा का प्रचार प्रसार पर ध्यान देना चाहिए। मूल ओबीसी व अनुसूचित जाति जनजाति के पदाधिकारियों के संयुक्त आतिथ्य में आयोजित गरिमामय जयंती समारोह को सैनी समाज संरक्षक ओमप्रकाश टाक, पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा, अनुसूचित जाति जनजाति के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार आलड़िया, सैन समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण हर्षवाल, खटीक समाज के अध्यक्ष दौलतराम खटीक, अल्पसंख्यक समाज के केडी पठान, दर्जी समाज के अध्यक्ष रमेश मोयल, स्वामी समाज के अध्यक्ष नेमीचंद स्वामी, ओमभाई भुजियावाला, अनुसूचित जनजाति के रिखाराम तालणिया, सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान के अध्यक्ष मोहनलाल राकसिया आदि ने सम्बोधित करते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए दलितों व पिछड़े वर्ग की उन्नति में शिक्षा कैसे आवश्यक है के बारे मे विस्तार से बताया। वक्ताओं ने तात्कालिन समय में दलितों व वंचितों को मुख्य धारा में लाने तथा कुरितियों को रोकने में सामने आई परेशानियों से अवगत करवाते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। समारोह का संचालन अशोक वर्मा ने किया। जयंती समारोह में सैनी समाज अध्यक्ष महेश सैनी, सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान के जिला सचिव गौरीशंकर खडोलिया, सैनी समाज जिला उपाध्यक्ष हीरालाल खडोलिया, सैनी नवयुवक मंडल जिलाध्यक्ष तिलोक कम्मा, ओमप्रकाश गौड़, बाबूलाल माली, गिरधारी लाल राकसिया, गोविंद प्रसाद बबेरवाल, सत्यनारायण टेलर, नानूराम गौड़, विनोद कुमार गौड़, उम्मेद सिंह कुम्हार, वीरेंद्र कुमार बुनकर, महावीर प्रसाद गौड़, रामचंद्र प्रजापत, मोहनलाल गौड़, मदनलाल गौड़, मंगतूराम मंडीवाल, श्रवण कुमार मिटावा, पुरुषोत्तम इंदौरिया, भरत सैनी, अनिल कुमार भभरिया आदि सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**चूरू(निस)।** महान विचारक, सामाजिक समरसता के वाहक, दार्शनिक व क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती गुरुवार को जिला मुख्यालय पर भरतिया अस्पताल के पास स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान सैनी समाज के जिला अध्यक्ष डूंगरमल बाबा ने ज्योतिबा फुले के विचारों को जीवन में उतारकर उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि ज्योतिबा फुले के विचार तभी सार्थक होगा, जब हम शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाएगे। उन्होंने कहा कि जो शिक्षा से वंचित है, शोषित हैं, ऐसे लड़के-लड़कियों को शिक्षा के लिए प्रेरित करें। जिला महासचिव चिरंजी लाल सैनी ने बताया महापुरुष समस्त मानव जाति के हितार्थ अपना जीवन लगाते हैं, ऐसे ही ज्योतिबा फुले ने सबको शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए अनेक आंदोलन किए थे और नारी शिक्षा को भी शिक्षा का अधिकार मिले इसके लिए सर्वप्रथम उन्होंने अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले को शिक्षित किया और सावित्रीबाई फुले उस समय की प्रथम महिला शिक्षिका बनी। फुले दंपति ने उस जमाने में स्कूल शुरू किए थे। उस समय उनको अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और समस्याओं का सामना करते हुए पूरे भारतवर्ष में शिक्षा की अलख जगाई। इस अवसर पर उपस्थित विभिन्न समाज बंधुओं ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला संघ चालक ओमप्रकाश सैनी, प्रधान दीपचंद राहड़, पवन कुमार तंवर, महावीर गहलोत, लालचंद दहिया, शंभु दयाल शर्मा, विष्वनाथ गोटेवाला, ओमप्रकाश गोस्वामी, मनीष क्याल, अशोक शर्मा, डॉ. एस के सैनी, मुकेश पंवार, एडवोकेट श्यामलाल, एडवोकेट आनंद बालान, दीनदयाल भाटी, धर्मेंद्र सैनी, राजवीर सिंह राठौड़, सूर्य प्रकाश शर्मा, शांति सैनी, कौशल्या चौधरी, कृष्ण कुमार सैनी, नंदलाल बौद्ध, प्रभु दयाल सिंगोदिया, कन्हैयालाल सैनी, सुरेश सारस्वत, जीवन सैनी, नारायण सेन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। जिला संगठन मंत्री बजरंग लाल सैनी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

**खेतडी।** मुख्य बस स्टेण्ड के पास स्थित मनोज घुमरीया कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता झाबर मल सैनी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अति?थि समाजसेवी मनोज घुमरीया रहे। वही हरमेन्द्र पार्षद, गोकुल मेहरडा, सुरेन्द्र सिंह निर्वाण, बाबूलाल कुमावत, भगवाना राम सरपंच, श्रीराम चौधरी, कैलाश सैनी, चौथमल सैनी, ओमप्रकाश सैनी, राकेश सैनी, रमेश सैनी विशिष्ठ अतिथि रहे। सर्वप्रथम अतिथियो ने महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले व डॉ भिमराव अम्बेडकर के चित्रो पर पुष्प अर्पण किए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मनोज घुरिया ने महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले के जिवन पर प्रकाश डाला। उन्होने बताया की यदि महात्मा ज्योतिबा फुले नही होते तो आज महिलाओ को कोई नही पढाता। घुमरिया ने इस अवसर पर राष्ट्रपति से महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न देने की मांग की। उन्हो ने खेतडी मे महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले के जिवन पर एक संग्रहालय बनाने की भी घोषणा की। घुमरीया ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले का बचपन बड़ी ही कठिनाइयों से बीता था, जिससे उन्होंने प्रेरणा लेकर समाज को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया और पहले खुद शिक्षित होकर समाज को शिक्षित होने की प्रेरणा दी। आज का युग शिक्षा का युग है इस युग में बेहतर मेहनत करने वाले ही सफलता को प्राप्त कर सकते हैं।

## गायों को गुड़ खिलाकर मनाया पूर्व विधायक बैद का जन्म दिवस




जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर से पूर्व विधायक रहे डॉ. चंद्रशेखर बैद के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को क्षेत्र के वार्ड 2 में स्थित आदर्श गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर उनका जन्म दिवस मनाया, जन्म दिवस की बधाई दी और बैद के उज्जवल भविष्य व स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर वासुदेव शर्मा, हरि इंदोरिया, देवचन्द सैनी, गुलाब सोलंकी, गिरधारीलाल सोलंकी, अशोक जांगिड़, महेन्द्र भाटी, राकेश बनड़ा, महेन्द्र सिंह, मो.फारुक, नथमल कन्दोई, डूंगरमल लुहार, सहित काफी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हनुमंत कथा में उमड़ा श्रद्धा सैलाब



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में तोलाराम इन्द्रचन्द, श्यामसुंदर लखोटिया परिवार की ओर से निर्मित वीर हनुमान मंदिर में शुक्रवार को हनुमंत कथा के चतुर्थ दिवस पर वीर हनुमान जी को छप्पन भोग लगाया गया। कथा व्यास पंडित राकेश मिश्र ने कहा की हनुमानजी से शिक्षा लेनी चाहिए कि हमेशा छोटा बनकर रहना चाहिए छोटा बने वो हरि पाये। हनुमानजी ने भी लंका में छोटा रूप बनाकर प्रवेश किया था। हनुमानजी अतुलित बल के स्वामी है उनसे कोई कार्य पूर्ण करवाना हो तो रामचन्द्र जी के गुणों का बखान करना चाहिए। तभी हनुमानजी प्रसंन्न होते हैं और भक्तों की पीड़ा, चिंताओं का हरण करते हैं। जैसे रामचन्द्र जी के गुणों का बखान करके मां भगवती सीता के दुखों हरण किया। वैसे सृष्टि के समस्त संकटों को हनुमानजी मिटा देते हैं। हनुमानजी रामदूत है और हमेशा राम सेवा में ही लीन रहते हैं। हनुमंत कथा में इस दौरान महावीर सिंह चौहान, कमल कुमार पारीक, सांवरमल सैनी, गिरधारीलाल प्रजापत, किशनलाल सुथार, देवीसिंह चौहान, प्रशांत सेवदा, कन्हैयालाल बागड़ी, सुमेर माली, रामलाल सैनी, चिरायु महर्षि, सुभाष सैनी, आशीष शर्मा, बाबूलाल बागड़ी, जयचंदलाल घंटेलवाल, मोतीसिंह, पार्षद अमरचंद मीणा, जगमाल सिंह, मनोज सारस्वत, नवरतन कांटा, मुकेश सेवदा, शंकरलाल सैनी, माणक बागड़ी, सहित बड़ी संख्या में हनुमंत भक्त उपस्थित रहे।

## राजेन्द्र राठौड़ का अभिनन्दन 19 को

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर आगामी 19 अप्रेल को सुबह 11 बजे गांगियासर स्थित रायमाता के मन्दिर में किया जाएगा। प्रायोजक अलसीसर के पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खिचड़ ने बताया कि राजेन्द्र राठौड़ अपने अभिनन्दन समारोह के बाद ग्रामीणों और भाजपाईयों के साथ रूबरू भी होंगे।

## धर्म की रक्षा के लिए भगवान लेते हैं अवतार- शास्त्री



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ में श्री श्री 1008 अखंड नाथ महाराज की बगीची स्थित शिव मंदिर में चल रही श्री राम कथा में कथावाचक आचार्य मोहित राज शास्त्र ने कहा धर्म व भक्तों की रक्षा के लिए भगवान का अवतार होता है और भगवान की लीलाएं साधारण मानव जैसी नजर आती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं युगों युगों तक मानवता का मार्ग प्रशस्त करती हैं। कथा में महंत नेमिनाथ महाराज, पंडित प्रकाश शास्त्री, भगवानाराम जाखड़, गजानंद , गिरधारी लाल जांगिड़, टीकमचंद सोनी आदि भक्त उपस्थित रहे।

## गोपालन उद्योगों को प्रोत्साहन देने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गोपालन व रोजगार संस्थान के अध्यक्ष सुभाष बेदी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर गोपालन को प्रोत्साहन देने के लिए बंजर भूमि में पशुपालन को बढ़ावा देते हुए गोबर, गोमूत्र, दूध, दही से संबंधित उद्योग लगाकर खाद बनाने व आयुर्वेदिक दवाइयां उत्पादित करने के सुझाव दिए हैं। जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। इसके लिए भामाशाह से भी मदद ली जा सकती है। बैदी ने ऐसे उद्योगों को अधिक अनुदान देकर प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया है।

## राठौड़ के जन्म दिवस को लेकर गाँवों में जनसम्पर्क जारी

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के 21 अप्रैल को होने वाले जन्म दिवस को लेकर शुक्रवार को तारानगर के विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता ने अपनी टीम के साथ विधानसभा क्षेत्र के गाँव सारायण, कोहीणा, भालेरी, बुचावास, गाजुवास, रेडी, सोमसीसर, मेहरासर उपाधियान, रातुसर, जैतसीस, बिल्यूं बास रामपुरा आदि में जनसंपर्क किया। जांगिड़ ने 21 अप्रैल को राठौड़ के जन्म दिवस पर हजारों की संख्या में अधिक से अधिक पुलिस लाइन चूरू पहुँचने का आह्वान किया ग्रामीणों ने भी हाथ खड़े कर जांगिड़ को अधिक से अधिक चूरू पहुँचने का आश्वासन दिया। जांगिड़ ने ग्रामवासियों से जनसंपर्क करते हुए कहा कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सदैव आमजन की सेवा के लिए तैयार मिलते हैं राजस्थान का एकमात्र ऐसा जनसेवक जो हमारे लिए सदैव हाजिर रहते हैं, चुनाव हारने के बाद भी राठौड़ जनता की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, विधानसभा को सम्पूर्ण राजस्थान में सर्वोपरि बजट मिला है जिसका श्रेय राजेंद्र राठौड़ को जाता है। हम सबका दायित्व है कि ऐसे दुर्लभ और जनप्रिय नेता का जन्मदिन मनाने हम सब धूमधाम से चूरू पहुंचे। जांगिड़ ने बताया कि विधानसभा से हजारों की संख्या में सैंकड़ों वाहनों से कार्यकर्ता चूरु पहुंचेंगे। इस मोके पर जांगिड़ के साथ विधानसभा संयोजक अजित सिंह राठौड़, पूर्व सरपंच शिव भगवान जोशी, पूर्व चैयरमैन जसवंत स्वामी, मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह तंवर, ईश्वर पांडिया, नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, महेंद्र स्वामी, सुनील भाकर, लीलाधर प्रजापत, साबिर हुसैन, सरपंच प्रदीप सिंह, किशन स्वामी, जोगेंद्रसिंह राठौड़, मांगीलाल योगी, नत्थू शर्मा, सरपंच शीशपाल सिहाग, कोहिणा सरपंच रमेश पारीक, बुचावास सरपंच मनोज व्यास, सरपंच किशन मेघवाल, सरपंच निर्मल नाथ योगी, सादुलसिह राठौड़, सत्यनारायण योगी, विक्रम सिंह राठौड़, भूपेंद्र सिंह, रवि गौड़, धर्मपाल कस्वां सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शहर मंडल में बूथों पर बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस स्थापना सप्ताह के अंतर्गत तारानगर शहर में 145, 154, 155, 156, 157, 158 आदि बूथों पर शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, स्थापना सेवा सप्ताह के संयोजक राकेश टाक व सहसंयोजक हेमन्त व्यास की अगुवाई में बैठकों का आयोजन किया गया जिसमें बूथ अध्यक्षों से शिष्टाचार भेंट की गई और इनको पार्टी के सेवा सप्ताह के विषय में विस्तृत चर्चा की। खंडेलवाल व टाक ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य भाजपा की नीति व रीति को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा करना है, पार्टी को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करने, आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने और आगामी 14 अप्रैल डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंति तक विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने पर बल दिया। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं से सेवा, संगठन और समर्पण की भावना के साथ भाजपा के विचारों और योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में उपरोक्त सभी बूथ अध्यक्षों ने भी अपने अनुभव साझा किए और संगठन के प्रति अपनी निष्ठा को दोहराया। खंडेलवाल व टाक ने आगे बताया कि यह आयोजन न केवल संगठन की एकता और मजबूती का प्रतीक बनेगा, बल्कि जनसेवा के संकल्प को दोहराने का अवसर भी प्रदान करेगा। भाजपा कार्यकर्ता आगामी दिनों में सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक व जनहितैषी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

## अखिल भारतीय किसान सभा का स्थापना दिवस मनाया

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** तारानगर के किसान मजदुर भवन में शुक्रवार को तहसील अध्यक्ष कॉमरेड पूर्णाराम सरावग की अध्यक्षता में अखिल भारतीय किसान सभा का स्थापना दिवस मनाया गया। विधिवत रूप से झंडारोहण के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में किसान सभा के राज्य कमेटी सदस्य कॉमरेड निर्मल कुमार ने कहा कि किसान सभा उस समय से है जब हम नहीं थे ओर उस समय तक रहेगी जब हम नहीं रहेंगे। किसान सभा ने अब तक किसान, मजदुर, विद्यार्थीयों के हकों के लिए सदैव संघर्ष किया है। किसानों के हितों की रक्षा किसान सभा ने ही की है। हम सबको मिलकर संगठन को ओर मजबुत करना चाहिए जिसके लिए सदस्यता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा सदस्यता करनी होगी। निर्मल कुमार ने कहा की वर्तमान में जनता को परेशान करने के उद्देश्य से सरकार की ओर से जनता पर थोपे गए परिसीमन के विरोध में जल्द ही निर्णय लेंगे ।किसान सभा के जिला महामंत्री कॉमरेड उमराव सहारण ने संगठन की रीति नीति के बारे में विस्तृत विचार रखे। कॉमरेड रामस्वरूप सहारण, चिमनाराम पांडर, एडवोकेट मुकेश शर्मा आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन में राजगढ विधानसभा से माकपा प्रत्याशी रहे कॉमरेड भगतसिंह पूनियां के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कॉमरेड दात्ताराम, बेगराज प्रजापत, गोपीराम पुरोहित, गणपतराम इशराण, लालचंद रांगेडी, धर्मपाल डागर, रामेश्वरलाल, रमेश रामपुरा आदि उपस्थित रहे। विक्रम सोनी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** सुभाष चौक मुकुन्दगढ़ बस स्टेंड के निकट स्थित पं. राधाकृष्ण मुरलीधर गिरधारी ढण्ढ की हवेली से हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार को सुबह नौ ढण्ढो के बालाजी मन्दिर सोसायटी की ओर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। संयोजक भास्कर शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को ढण्ढो वाले बालाजी मंदिर के लिए हवेली से मुकुंदगढ़ रोड़ होते हुए गढ़ के पीछे से नगर पालिका चौक, मुख्य बाजार, सौन्थलिया दरवाजे से सुभाष चौक, बिसाऊ चौराहे होते हुए झुन्झुनूं रोड़ स्थित ढण्ढो वाले बालाजी मंदिर पहुंचकर ध्वज अर्पित किए जाएंगे।

## आदित्य चौधरी की द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान आज

जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** कस्बे में जमात स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को रक्तदान शिविर व फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। एडवोकेट सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि उनके पुत्र आदित्य चौधरी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह 9 बजे से लेकर सायं 4 बजे तक आयोजन किया जाएगा।

## हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा आज

**तारानगर(निस)।** कस्बे की साहवा रोड़ पर स्थित आशापूर्ण हनुमान मंदिर में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव व मंदिर का स्थापना दिवस समारोह पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर मंदिर में भंडारा व संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। पुजारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि चैत्र मास पूर्णिमा के अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव व मंदिर का 17वां स्थापना दिवस शनिवार को मनाया जाएगा। जिसमें सुबह बालाजी महाराज का अभिषेक व विशेष पूजन कर सवामणी प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद मंदिर परिसर में दिनभर मेला भरेगा और भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर में मंगलवार शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन किया जाएगा। जिसको लेकर मंदिर व बालाजी महाराज के दरबार को सजाया गया है। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## सफाई अभियान चलाकर किया सेलिब्रेट

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** डेरा सच्चा सौदा की शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादारों ने पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के सिरसा आगमन और डेरा सच्चा सौदा के रूहानी स्थापना महीने की इस दोहरी खुशी को बरनाला रोड स्थित पुलिस लाइन में सफाई अभियान चलाया सेलिब्रेट किया। इस सेवा कार्य में काफी संख्या में सेवादारों ने भाग लिया। सफाई अभियान की शुरुआत सेवादारों व उपस्थित 85 मैंबरों की ओर से धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का इलाही व पवित्र नारा बोलकर किया गया। इसके पश्चात सेवादार हाथों में कस्सी, तसले व दरांती लेकर पुलिस लाइन के विभिन्न पार्कों की सफाई में जुटी गई। सेवादारों ने कुछ ही घंटों में पुलिस लाइन के विभिन्न पार्कों को चकाचक बना दिया। हालांकि दोपहर बाद बारिश शुरू हो गई जो सफाई के कार्य में बाधा बनी। लेकिन बारिश बंद होने के पश्चात सेवादारों ने पुलिस लाइन की मुख्य सड़क के किनारों पर खड़ी घास-फूस, जंगली घास और आक को उखाड़ कर साफ-सफाई की। सफाई अभियान के दौरान सेवादारों का अनुशासन काबिले तारीफ रहा। जहां सेवादार ने पार्कों में बिखरे सूखे पत्तों व गंदगी को झाड़ू से एक स्थान पर एकत्रित किया। वहीं कुछ सेवादारों ने एकत्रित किए गए कूड़े-कर्कट के ढेरों को पलियों की सहायता से कैंटर में डालकर कूड़ेदान में पहुंचाया। सेवादारों के सेवा कार्य की पुलिस अधिकारियों ने काफी प्रशंसा की। 85 मैंबर सहदेव इन्सां, सिरसा ब्लॉक प्रेमी सेवक कस्तूर सोनी इन्सां व रोड़ी ब्लॉक प्रेमी सेवक पवन इन्सां ने कहा कि डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन प्रेरणाओं पर चलते हुए सफाई अभियान सहित 167 मानवता भलाई के कार्य करती है। इसी के तहत पुलिस प्रशासन के आह्वान पर पुलिस लाइन में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान हुई बारिश भी सेवादारों को सफाई करने से नहीं रोक पाई।

## भाजपा पदाधिकारियों ने किया सीएचसी का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स




**उदयपुरवाटी(निसं.)।** कस्बे की जयपुर रोड़ पर स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। वार्ड बूथ अध्यक्ष मुकेश मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा की स्थापना दिवस के उपलक्ष में साप्ताहिक सेवा पखवाड़े के अंतर्गत वार्ड नंबर 15 में स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सैनी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं ने निरीक्षण किया। भाजपा पदाधिकारी ने इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अनिमेष गुप्ता से अस्पताल में संसाधनों व आने वाले मरीजों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हर व्यक्ति को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करते हुए बेहतर इलाज उपलब्ध कराए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल से संबंधित विभिन्न समस्याओं व सुविधाओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। स्थानीय प्रशासन व सर्व समाज के सहयोग से स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव कराने का मेडिकल स्टाफ, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत इलाज उपलब्ध करवाने व ड्यूटी समय में उपलब्ध सभी मेडिकल टीम के कर्मचारी अपनी उपलब्धता सीट पर रहने के निर्देश दिए। जिससे हर समय मरीज को सुविधा उपलब्ध हो क्योंकि ट्रॉमा सेंटर बनने के बाद में अभी तक चालू नहीं हुआ लेकिन ट्रॉमा सेंटर का मेडिकल स्टाफ उपलब्ध है ट्रॉमा सेंटर का संपूर्ण मेडिकल स्टाफ उपलब्धता के अनुसार मरीज का आर्थिक शोषण नहीं होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान मंडल संयोजक बाबा अशोक सैनी, सहसंयोजक प्रदीप कुमार सैनी, महामंत्री वीरेंद्र शेखावत, उपाध्यक्ष विजय कुमार, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष प्रभु दयाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नफीस कुरेशी, पार्षद तेजस छीपा, दिनेश सैनी, बूथ अध्यक्ष आनंद सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा नेता मुकेश कुमार मीणा, राकेश कुमार, महेश सिंगोदिया सहित अस्पताल की मेडिकल टीम मौजूद रही।

## डी फार्मेसी के बेहतर परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थियों का सम्मान

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के केकेसी कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के डी फार्मेसी कोर्स का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहने पर सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। डी फार्मा 2023- 24 बैच में प्रथम स्थान कैलाश शर्मा ने तथा द्वितीय स्थान अभिषेक न्योल और तृतीय स्थान पूनम राठौड़ ने प्राप्त किया। विद्यार्थिओं के शानदार परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर शुभकामनाओं सहित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय क़े निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ ने सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए उपहार भेंट किए व आगामी परीक्षाओं में कड़ी मेहनत व लग्न से तैयारी क़र महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। केकेसी पीजी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रदीप चौहान ने बताया कि इस सत्र से फार्मेसी संकाय प्रवेश परीक्षा के आवेदन शुरू हो चुके और उसकी तैयारी से संबंधित तथ्यों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। फार्मेसी विभाग व्याख्याता मुकुल सोनी ने निश्चित सफलता प्राप्ति के लिए विभिन्न दिशा निर्देश देते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय सहायक आचार्य राजकुमार सोनी ने किया। इस अवसर पर केकेसी इंटरनेशनल स्कूल प्राचार्य कोमल शेखावत, महाविद्यालय उपप्राचार्य महबूब अली चौहान, वरिष्ठ सहायक आचार्य पुनीत वर्मा, जगदीश प्रसाद, देवीलाल, बेगराज सारण, रजत गौड, भरत शर्मा, श्याम सुंदर सिद्ध, कमल कुमार जांगिड़, दौलत जोशी, गोपाल भाकर, जयसिंह पूर्वा तथा फार्मेसी विभाग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
12 अप्रैल, 2025

# सभी त्योहार भाईचारे का संदेश देते हैं: महनसरिया

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया के मुख्य आतिथ्य में वन विहार कॉलोनी में ईद मिलन व होली मिलन व रामनवमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर महन सरिया ने कहा कि सभी त्योहार भाइचारे का संदेश देते हैं। सभी धर्मो का आदर सत्कार होना चाहिए। इस अवसर पर फूलों से होली खेली गई तथा एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी और देश में अमन चेन बना रहे की रामनवमी पर्व पर श्री राम से अपील की। इस अवसर पर बनवारी लाल शर्मा, महेंद्र ओला, सांवरमल बुडानिया, छगन शर्मा, डॉक्टर सुशील बुडानिया, भंवर सिंह राजवी, जाफर खा जोइया, इदरीश गिरदावर, इनायत खान रेलवे, नागरमल जांगिड़, मनोहर लाल जोशी, शौकत खान अखान, सनोद पचौरी, लछुराम राव, अब्बास नागरा, लियाकत खा कंपाउंडर रामलाल सहारन, हेमराज कस्वा, सुगनाराम कस्बा, प्रताप कस्बा, व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन असगर खान जोइया,व आनंद बाला ने किया। समारोह की अध्यक्षता किसना राम बाबल ने की।



# चूरू मे धूल भरी आंधी के बाद बूंदाबांदी, बिजली गुल



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण शुक्रवार दोपहर मौसम में अचानक बदलाव आया। दोपहर साढ़े तीन बजे बाद हल्की हवाओं के साथ तेज धूल भरी आंधी ने शहर को अपनी चपेट में ले लिया। आंधी के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। प्रशासन को करीब 20 मिनट तक बिजली सप्लाई बंद रखनी पड़ी। आंधी के बाद हल्की बूंदाबांदी से मौसम ठंडा हो गया। आसमान में धूल का गुबार छा गया। सुबह से ही तेज धूप के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। अप्रैल के पहले सप्ताह से ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। इस महीने में ही अधिकतम तापमान 44 डिग्री पार हो गया। चिलचिलाती धूप के कारण दोपहर में सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दे रही है। लोग धूप से बचने के लिए तौलिए और छाते का इस्तेमाल कर रहे हैं। आंधी के कारण वाहन चालकों और आमजन को काफी परेषानियों का सामना करना पड़ा।

## अस्पताल में स्वच्छता किट वितरित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता आदूराम टाक ने भर्ती लोगों को स्वच्छता किट का वितरण किया है। टाक ने राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल, फतेहपुरिया मातृ शिशु कल्याण केन्द्र में प्रसुताओं और गोपाल गौशाला में गौ सेवकों को फल व स्वच्छता किट का वितरण किया गया। आदूराम टाक ने बताया कि पीएमओ डॉ. पुरूषोतम करवा की प्रेरणा से साबुन, टूथ पेस्ट व टूथ ब्रश आदि सामान के स्वच्छता किट तैयार कर अस्पताल में भर्ती मरीजों को प्रदान किए गए। टाक ने कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीजों सहित प्रत्येक व्यक्ति को अपने शरीर के साथ ही आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने के प्रयास करने चाहिए। फल व स्वच्छता किट के वितरण के दौरान सूर्य भगवान मंदिर माली समाज के अध्यक्ष विक्रम सिंह चोबदार, विकास चोबदार, सरोज देवी टाक, सरोज देवी चोबदार, नारायण प्रसाद नाई, ऋषि, आदित्य, अमन, चंदन, कृष्णा, नारायण, मुकेश मौजूद रहे।

## महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वी जयंती मनाई

### रक्तदान शिविर व चिकित्सा कैंप का आयोजन, 90 यूनिट रक्त एकत्रित




जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** निकटवर्ती बानसूर कस्बे के ग्राम रसनाली स्थित तारा माध्यमिक विद्यालय में ग्रीन फ्यूचर अलायंस (एनजीओ) के तत्वाधान में सर्व समाज द्वारा शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 जयंती मनाई गई। इस मौके पर रक्तदान शिविर व चिकित्सा कैंप का आयोजन हुआ। रक्तदान शिविर में कुल 90 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। जिलाध्यक्ष रामकुमार सैनी ने बताया कि श्री श्री 108 सीताराम दास महाराज द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन मंत्री अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन चिरंजीलाल सैनी (मूण्डरु) ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। वहीं विशिष्ठ अतिथि मुकेश कुमार, चमन कंवर, विमला सैनी, कमला सैनी, मोहनलाल सैनी, भीम सैनी, देवीसहाय सैनी, बंशी सैनी रहे। जबकि अध्यक्षता महावीर सैनी ने की। इस दौरान पवन सैनी, प्रदीप सैनी, महावीर सैनी, सुगन सैनी, पत्रकार बिल्लूराम सैनी, एड. नवीन सैनी, महेंद्र सैनी बानसूर, संजय सैनी हाजीपुर, हंसराज सैनी, श्याम लाल सैनी आदि मौजूद रहे।

## 08 वाँ विशाल रक्तदान व चिकित्सा शिविर का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** कस्बे के गौशाला रोड़ स्थित ग्रीन वैली सीनियर सैकण्डरी स्कूल में सैनी विकास संगठन के तत्वाधान में शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिलाध्यक्ष बबलू बबेरवाल ने अतिथियों का माला, दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर 08 वाँ विशाल रक्तदान व चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 51 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान आईटीबीपी कमांडेड कैलाश चंद सैनी, महेश जमालपुरिया, पूर्व चेयरमैन महेंद्र सैनी, महावीर सैनी, परमानंद सैनी, सुरेश सैनी, हरिसिंह सैनी, कुलदीप सैनी, कैलाश सैनी, विशम्भर सैनी, सुनीता सैनी, नरेश सैनी, किरण सैनी, संतोष सैनी, अनीता सैनी, रामरतन सैनी, रामौतार मिस्त्री, किशन सैनी, रामस्वरूप सैनी, जोनी तोंदवाल आदि मौजूद रहे।

## वर्तमान समय में सनातन धर्म की एकजुटता की आवश्यकता है: दिनेश गिरी



### भगवान महावीर स्वामी का 2623 वां जन्म कल्याणक दिवस

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर के निकटवर्ती कस्बे रतन नगर में भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक दिवस का आयोजन गुरुवार को फतेहपुर के संत शिरोमणि दिनेश गिरी महाराज के सानिध्य में हुआ। ज्ञात रहे कि बसंत हिरावत पुत्र भंवर लाल संपत देवी हिरावत के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार मुरारीलाल महर्षि ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. कमल कोठारी रहे। कार्यक्रम में से. प्राचार्य के. सी. सोनी ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन का चित्रण करते हुए कहा कि आज के समय में उनके मूल्यों की महत्ता और प्रासंगिकता महत्पूर्ण है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संत शिरोमणि दिनेश गिरी ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन धर्म की एकजुटता की आवश्यकता है। उन्होंने इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके लिए बसंत हिरावत की ओर से किए गए कार्यों की सराहना की। साहित्यकार मुरारीलाल महर्षि ने भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों को आज की जरूरत बताया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये प्रो. कमल कोठारी ने भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों से सभी धर्मों में समन्वय स्थापित करने और आज के समय में विश्व शांति के लिए इन सिद्धांतों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान साध्वी अमृत प्रज्ञा ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन और उनकी ओर से प्रतिपादित किए गए सिद्धांतों और मूल्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## बिना अनुमति के आयोजित की जा रही कथा में तेज-आंधी से पंडाल गिरा, भगदड़ में महिला समेत 3 घायल



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में तेज आंधी के कारण पंडाल उखड़ गया। इसके बाद सभा में अफरा तफरी और भगदड़ मच गई। जिसमें एक महिला सहित 3 लोग घायल हो गए। भगदड़ के दौरान कई महिला श्रद्धालुओं की सोने की चेन भी टूट गई।कार्यक्रम बिना प्रशासन की अनुमति के कराया जा रहा था। शिव महापुराण कथा रतनगढ़ में चल रही थी। आज से ही शुरू हुई थी और अगले सात दिन चलने वाली थी। इसमें देशभर से करीब 2 से 2.5 लाख लोगों के आने की संभावना थी। हादसे के बाद प्रशासन ने पंडाल और डोम खाली करा दिया। सूचना मिलते ही रतनगढ़ थानाधिकारी दिलीप सिंह शेखावत मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस के जवानों के साथ टेंट में फंसी महिला श्रद्धालुओं को बाहर निकलवाया। पुलिस ने कथा स्थल पर डोम में बैठी महिलाओं को बाहर निकलवा कर डोम खाली करवाया है। वहीं, हादसे में घायल हुए तीन लोगों को रतनगढ़ सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम, एएसपी दिनेश कुमार, एसडीएम रामकुमार सहित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।लोगों ने बताया कि बिना किसी स्वीकृति के इतना बड़ा आयोजन करवाया जा रहा था। इसमें देशभर से करीब 2 से 2.5 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना थी। इसके लिए एक बड़ा डोम बनाने के साथ ही पाइपों के सहारे काफी दूर तक टेंट लगाए गए थे। कार्यक्रम की किसी भी स्तर पर स्वीकृति नहीं थी। 2.5 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना थी। इसके लिए एक बड़ा डोम बनाने के साथ ही पाइपों के सहारे काफी दूर तक टेंट लगाए गए थे। कार्यक्रम की किसी भी स्तर पर स्वीकृति नहीं थी।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चतुर्थ के लिए प्रस्ताव व जीपीडीपी योजना का किया अनुमोदन

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है।जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर विकास कार्यों के प्रस्ताव भेजते रहें, जिससे क्षेत्र के लोगों के लिए अधिक से सार्वजनिक सुविधाएं मुहैया करवाई जा सके। गोदारा शुक्रवार को लूणकरणसर पंचायत समिति के प्रधान श्री कानाराम गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित पंचायत समिति की साधारण सभा को संबोधित कर रहे थे। मंत्री गोदारा ने कहा कि आने वाले समय में पानी और बिजली आपूर्ति के मामले में आमजन को कोई तकलीफ नहीं रहे, ऐसी योजनाएं बनाकर भेजें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भावना के अनुरूप बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए जुट जाएं। उन्होंने बजट घोषणाओं को लेकर अब तक क्रियान्वयन की प्रगति भी जानी। मंत्री गोदारा, जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों को स्वयं नोट करते रहे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि पुराने व ढीले तारों को दुरुस्त करवाने, लोहे के जर्जर पोल को बदलवाने व वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए जनप्रतिनिधि प्रस्ताव बनाकर सम्बधित विभाग में दें व उन्हें भी अवगत करवाएं, जिससे समय पर समस्याओं का समाधान हो सके। मंत्री गोदारा ने चिकित्सा, शिक्षा, पानी व सड़क के मुद्दे पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र में बजट सत्र में नहरी कच्चे खालों को पक्का करने एवं पेयजल के लिए 185 करोड़ रुपए और लूणकरणसर नगरपालिका क्षेत्र में 40 करोड़ रुपए स्वीकृत करवाने के लिए स्थानीय लोगों ने मंत्री गोदारा का आभार जताया। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चतुर्थ के प्रस्ताव लिए व जीपीडीपी योजना का अनुमोदन किया गया। इस दौरान गारबदेसर सरपंच मती कविता स्वामी ने प्रस्ताव रखा कि गारबदेसर गांव में विद्युत के पुराने पोल बदले जाएं और अंडरलाइन पोल लगाए जाएं। चकजोहड़ सरपंच राजाराम झोरड़ ने जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन से वंचित ढाणियों को जोड़ने एवमं अर्जुनसर से फुलेजी तक पाईपलाईन में हो रहे लीकेज को दुरुस्त करने का प्रस्ताव रखा। खियेंरा सरपंच मती गायत्री ने हंसेरा से खियेंरा तक 8 किलोमीटर नई पाईपलाईन स्वीकृत करवाने पर मंत्री सुमित गोदारा को धन्यवाद ज्ञापित किया। मनाफरसर सरपंच पप्पुराम मेघवाल ने धीरदान गांव में पेयजल समस्या से निजात के लिए नया ट्युबवेल के लिए प्रस्ताव रखा। इस पर मंत्री गोदारा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। शेरपुरा सरपंच अमराराम सियाग, कुजटी सरपंच श्रवणराम मूण्ड, सुरनाणा सरपंच भंवरलाल भुंवाल, प.स.जितेन्द्र गोदारा ने स्कूलों में शिक्षकों के खाली पद भरने, रांवासर सरपंच बिशननाथ सिद्ब ने कक्षा कक्ष निर्माण करवाने की मांग की।




## पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** डॉ. रामनारायण यादव एण्ड फैमिली रामदेव मेमोरियल संस्थान शिव धारा हार्ट एण्ड जनरल अस्पताल द्वारा स्व. रामदेव यादव की चतुर्थ पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्व. रामदेव यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान यादव समाज के पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव (गुरूजी), प्रवक्ता रामकरण यादव, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, विधायक शिखा मील बराला, जयपुर ग्रामीण प्रभारी राजेंद्र यादव, प्रवक्ता कमल यादव, रामनारायण यादव, सुरेश यादव, डॉ. गुमान सिंह यादव, संज्या देवी समेत अन्य मौजूद रहे।

## जयपुर में सड़क हादसे में पति-पत्नी समेत तीन की मौत, 13 साल की बेटी बची

**जयपुर(कासं.)** के सीकर हाईवे पर गुरुवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब मनोज कुमार अपनी पत्नी सुमन और 13 वर्षीय बेटी वंशिका के साथ बाइक से खाटूश्यामजी से लौट रहा था। रास्ते में अनोखा गांव के पास एक युवक रोड क्रॉस कर रहा था, जिसे बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और मनोज व उसकी पत्नी उछलकर सिर के बल गिर पड़े। स्ह्र फूलचंद ने बताया कि मृतकों की पहचान बंधु नगर, मुरलीपुरा निवासी मनोज कुमार (40) और उसकी पत्नी सुमन (38) के रूप में हुई है। हादसे में घायल हुए शिवम (18) की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। बाइक पर सवार दंपती की बेटी वंशिका को प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। जानकारी के अनुसार, मनोज एक प्राइवेट स्कूल में ड्राइवर की नौकरी करता था। गुरुवार को वह परिवार के साथ खाटूश्यामजी दर्शन के लिए गया था। रात करीब 10 बजे लौटते वक्त यह हादसा हुआ।

# जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता से करें निस्तारण: जिला कलेक्टर

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।** जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने शुक्रवार को खाजूवाला की दूरस्थ ग्राम पंचायतों 2 केडब्लूएम (कालूवाला) और 2 केएलडी में मिशन सरहद संवाद के तहत जनसुनवाई की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सोहनलाल भी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने कहा कि बॉर्डर पर बसी दूरस्थ ग्राम पंचायतों के नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उनका अविलंब निस्तारण करने के उद्देश्य से मिशन सरहद संवाद प्रारंभ किया गया है। इसके तहत अब तक लगभग एक दर्जन ग्राम पंचायतों में सुनवाई की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इन जनसुनवाईयों में ग्रामीणों को जिला स्तरीय अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखने का मौका मिलता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को इन जनसुनवाई के दौरान आने वाले प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने गर्मी और प्रस्तावित नहरबंदी के मद्देनजर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने की आवश्यकता जताई। ग्रामीणों ने ग्रामीण क्षेत्रों की डिग्गियों की सफाई और इन्हें भरने, नहरों से शिल्ट निकालने सहित अन्य समस्याएं रखी। जिला कलेक्टर ने बताया कि गर्मी और नहरबंदी होने की स्थिति में पेयजल प्रबंधन को लेकर कई सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं। स्थानीय पुलिस, प्रशासन, जलदाय, विद्युत और जल संसाधन विभाग को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए जिला स्तर पर नियमित समीक्षा की जा रही है। ग्रामीणों ने पीएम आवास की बकाया किश्तें जारी करने, मनरेगा का भुगतान करवाने की मांग रखी। जिला कलेक्टर ने कहा कि पीएम निवास निर्माण के साथ ही जिओ टैग किया जाए और बेवजह कोई भुगतान बकाया नहीं रहे। इस दौरान कई ग्रामीणों ने नई ग्राम पंचायतों के गठन के प्रस्तावों पर आभार जताया तो कुछ ने इन पर आपत्तियां जताई। जनसुनवाई के दौरान 2 केडब्लूएम में शराब की अवैध दुकान संचालित किए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने की। जिला कलेक्टर ने इस संबंध में अविलंब जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए और कहा कि नियम विरुद्ध संचालन पाए जाने की स्थिति में इसे बंद करवाया जाए। इस दौरान विद्युत लाइनें दुरुस्त करवाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनाने और इसे ठीक करवाने सहित अनेक समस्याएं आई। जिला कलेक्टर द्वारा इनके लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक श्री एलडी पंवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध, विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता भूपेंद्र भारद्वाज, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता खेमचंद सिंगारिया, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।